भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित समय-सीमा के अनुसार बैंक ने नई पूंजी पर्याप्तता ढांचे को लागू किया है. हालांकि, बैंक ने शुरूआत में, क्रेडिट जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण, बाजार जोखिम के लिए मानकीकृत अवधि विधि और परिचालन जोखिम के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण को अपनाया है, अब तक किए गए / अनुमानित पहल बेसल दिशानिर्देशों में और अधिक उन्नत पूंजी माप के दृष्टिकोण हेतु बैंकों को निर्धारित मानकों का अनुपालन करने में सक्षम बनाने के लिए तैयार हैं. बैंकिंग उद्योग में सर्वोत्तम आईएसएमएस प्रथाओं के लिए बैंक के जोखिम प्रबंधन विभाग को प्रतिष्ठित आईएसओ 27001: 2013 से सम्मानित किया गया है.

जोखिम प्रबंधन को और मजबूत बनाने के एक हिस्से के रूप में, बैंक ने 2017-18 के वित्तीय वर्ष के दौरान निम्नलिखित नई पहल शुरु की है.

- बैंक खुदरा पोर्टफोलियो पर ध्यान देने के साथ बैंक के लक्ष्य और जोखिम प्रोफ़ाइल के साथ सरेखित करने के लिए पूंजी अनुकूलन तकनीक का लाभ उठाता हैं
- पात्र बाह्यत: मूल्यांकित खातों के कवरेज में निरंतर सुधार
- बेहतर गुणवत्ता वाले ऋण पोर्टफोलियो के लिए कम गुणवत्ता ऋण पोर्टफोलियो का मंथन
- एकल और समूह उधारकर्ताओं के लिए अलग अलग एक्सपोजर अधिकतम सीमा लागू करने हेतु, सेक्टोरियल कैप का अनुरक्षण जैसे मानदण्ड
- तनावग्रस्त क्षेत्रों के लिए एक्सपोजर सीमित करना

- ऋण खातों के लिए जोखिम आधारित मूल्य निर्धारण करना
- रेटिंग मॉडलों को मजबूत करने के लिए रेटिंग मॉडलों के बाहरी और आंतरिक वैधीकरण
- प्रशिक्षण और ई-शिक्षा के माध्यम से जोखिम प्रबंधन पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं की संवेदनशीलता
- बीमा कवर, नए सुरक्षा उपायों जैसे उचित जोखिम निवारण उपायों के लिए रक्षोपाय बैंकों की संपत्तियों द्वारा सिफारिश
- सुधारात्मक कार्रवाई योजनाओं की परिनियोजन के द्वारा प्रणाली और प्रक्रियाओं में सुधार
- जोखिम माप प्रणाली को भी सभी राजकोष संबंधित उत्पादों अर्थात खजाना नीमि में अनुमोदित डेरिवेटिव, ईक्विटी, जी-सेक, विदेशी मुद्रा के लिए रखा गया है.
- आरबीआई के तनाव परीक्षण ढांचे के अनुसार व्यापारिक पुस्तक के लिए दबाव परीक्षण नियमित रूप से आयोजित किया जाता है और बैंक ने आरबीआई के आईएमए दिशानिर्देशों के तहत दबाव परीक्षण के लिए अपने स्वयं के परिदृश्य भी बनाए हैं.
- बैकटीस्टिंग नियमित रूप से सभी वीएआर मॉडलों के लिए जैसे ऐतिहासिक सिमुलेशन दृष्टिकोण, विरिएंस कोवेरियंस दृष्टिकोण और मोंटे कार्लो सिमुलेशन दृष्टिकोण, आयोजित किया जाता है.
- ग्राहकों के लिए अधिक सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए बैंक नियामक दिशानिर्देशों और अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं को लागू करके सूचना सुरक्षा और साइबर सुरक्षा प्रथाओं को कार्यान्वित करने की निरंतर प्रक्रिया में है.

(i) ऋण जोखिम

बैंक ने व्यापक उधार नीति तथा ऋण जोखिम प्रबंधन नीति बनाई हैं जिनमें विभिन्न पहलुओं को जैसे जोखिम की प्रवृत्ति, जोखिम आधारित मूल्यन, जोखिम विविधीकरण/निवारण कार्य नीति, यथोचित सीमाएं, पर्याप्त ऋण सीमाएं, समूह ऋण सीमाएं, रेटिंगवार ऋण सीमाएं, अधिमान्य क्षेत्र वृद्धि की कार्यनीति, ऋण अनुमोदन प्रक्रिया, प्रलेखन व सुरक्षा मानक, सुरक्षा मूल्यांकन आदि को शामिल किया गया है. बैंक के कारोबार योजना व कार्पोरेट लक्ष्यो के आधार पर ये नीतियां समय समय पर संशोधित की जाती है. ऋण संविभाग के लिए तनाव, जैसे कि एनपीए में बढोत्तीरी, पुनर्गठित मानक खातों की फिसलन, काउंटर पार्टी रेटिंग में गिरावट, संपार्श्विक की कमी, आदि के कारण ऋण जोखिम के लिए तनाव परीक्षण अर्धवार्षिक के आधार पर किया जाता है.

आगे, बैंक ने व्यापक जोखिम रेटिंग/स्कोरिंग प्रणाली बनायी है जो काउंटर पार्टी पर विविध जोखिम कारकों का एकल बिंदु सूचक है तथा उचित तथा स्थिर रूप से ऋण निर्णय लेने के लिए उपयोगी है. आवास व अन्य खुदरा क्षेत्रों के लिए अलग जोखिम स्कोरिंग मॉडल को भी तैयार किया है ताकि जोखिम रेटिंग कार्य का अधिकतम प्रावरण सुनिश्चित किया जा सके. ` 1.00 करोड़ से अधिक उधार के संबंध में अर्ध-वार्षिक तौर पर अभिगमन विश्लेषण किया गया है. बैंक ने क्रिसिल रॉम साफ्टवेयर का उपयोग करते हुए सभी खुदरा व गैर-खुदरा ऋणों के जोखिम रेटिंग की शुरूआत की है, जो बेसल II समर्थक है. यह साफ्टवेयर बैंक के सभी प्रकार के ऋण को मंजूरी से पहले ऋण श्रेणीकरण के अधीन प्रावरित करता है, ताकि ऋण की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जा सकता है और साथ ही बेसल II के उच्च स्तरीय दृष्टिकोण की ओर अग्रसर हो सकें. बैंक ने ऋण जोखिम में एफआईआरबी (आंतरिक रेटिंग आधारित नीवं) दृष्टिकोण की दिशा में आवश्यक कदम उठाएं हैं. इस संबंध में ऋण जोखिम के लिए रेटिंग मॉडल का सत्यापन किया गया है और बैंक विभिन्न जोखिम ग्रेड के लिए पैरामीटर को नाप-तोलने की प्रक्रिया में है.

(ii) आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) व बाज़ार जोखिम

बैंक के एएलएम तथा बाजार जोखिम का प्रबंधन क्रमश: आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) तथा बाजार जोखिम प्रबंधन समिति (एमआरएमसी) द्वारा किया जाता है. चल निधि व ब्याज दर जोखिम दोनों विभिन्न साम्यिक खंडों में असमानताओं के लिए उपयुक्त सहनशील सीमाएं निर्धारित की गयी है. 15 दिनों के अंतराल में इसका अनुवर्तन किया जाता है और निदेशक मंडल को अवगत कराया जाता है.

बाजार जोखिम ऋण वीएआर (जोखिम पर मूल्य), एजीएल (कुल अंतर सीमा) तथा अवधि अंतर विश्लेषण जैसे साधनों से मापा जाता है. देश जोखिम निगरानी के प्रबंधन और अनुप्रवर्तन हेतु सभी देशों के लिए समूह सीमाएं निर्धारित किए गए हैं. नियमित आधार पर अनुपालन की निगरानी के लिए मध्य कार्यालय बारीकी से खजाना लेनदेनों की निगरानी करता है और सुधारात्मक कार्रवाई लेने के लिए परामर्श दिया जाता है.

बाजार जोखिम के लिए आंतरिक मॉडल एप्रोच (उन्नत दृष्टिकोण) को लागू करने के लिए बैंक ने भा.रि.बैं. से अनुमति मांगी है.



ब्याज दर मोड पर 200 आधार बिंदु शॉक का प्रयोग करते हुए ईक्विटी (निवल मूल्य) पर संभाव्य बाजार मूल्य का निर्धारण करने के लिए समय के अंतराल विश्लेषण का अनुपालन किया जाता है.

शीर्ष प्रबंधन द्वारा संवेदनशीलता विश्लेषण भी आयोजित किया जाता है और समीक्षा की जाती है. आकस्मिकता निधीयन योजना, विवेकपूर्ण अनुपात / सीमाएं निर्धारित की गई हैं और चल निधि जोखिम प्रबंधन के भाग के रूप में वास्तविक स्थिति की निगरानी की जाती है. विभिन्न परिस्थितियों में ब्याज दर जोखिम, तरलता जोखिम, विदेशी मुद्रा जोखिम आदि पर त्रैमासिक आधार पर तनाव परीक्षण किया जाता है और आस्ति देयता प्रबंधन समिति (एएलसीओ) का मूल्यांकन किया जाता है. अल्पावधि तरलता की निगरानी करने के लिए, बैंक दैनिक आधार पर संरचनात्मक तरलता के एएलएम विवरण तैयार कर रहा है.

बैंक निर्धारित अंतराल में चलनिधि व्याप्ति अनुपात (एलसीआर) व लीवरेज अनुपात का परिकलन करता है. बैंक के चलनिधि व्याप्ति अनुपात (एलसीआर) यथा 31.03.2018 के न्यूनतम एलसीआर के 90% के प्रति यथा 31.03.2018 को 129.94% रहा और बैंक के लीवरेज अनुपात भा.रि.बैंक की सांकेतिक दर के 4.50% के प्रति यथा 31.03.2018 को 6.26% रहा.

(iii) परिचालनात्मक जोखिम

प्रभावी ढंग से परिचालन जोखिम की पहचान, प्रबंधन तथा निपटान करने के लिए बैंक में एक स्पष्ट परिचालन जोखिम प्रबंधन की रूपरेखा है. बैंक ने मानकीकृत दृष्टिकोण (टीएसए) के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक रूपरेखा भी बनायी है. परिचालन जोखिम प्रबंधन का नियंत्रण परिचालनात्मक जोखिम प्रबंधन समिति (ओआरएमसी) द्वारा किया जाता है, जो परिचालन जोखिम हानि संबंधित आंकडे, नए उत्पाद, बैंक द्वारा अपनाई गई प्रक्रिया और प्रणालियों की समीक्षा करता है और आंतरिक प्रणाली एवं प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए सुधारात्मक / निवारक उपायों का सुझाव प्रदान करता है. परिचालन जोखिम को कम करने के लिए, ऋण और जमा संविभागों में की गई धोखाधडी के बारे में कई विषयगत अध्ययन आयोजित किए गए ताकि जोखिम प्रबंधन दृष्टिकोण से प्रणालीगत कमियों को पहचान सके. आगे, सुधारित दृष्टिकोण को अपनाने के क्रम में, बैंक ने जोखिम नियंत्रण स्व मूल्यांकन (आरसीएसए) और प्रमुख जोखिम संकेतक (केआरआईएस) के लिए रूपरेखा बनाई है. समीक्षा द्वारा आरसीएसए और प्रमुख जोखिम संकेतक को मजबूत करने और परिचालन जोखिम के प्रबंधन के लिए कवरेज क्षेत्र में सुधार लाने हेतु बैंक द्वारा कदम उठाए जा रहे हैं. जोखिम कारणकर्ता और परिचालन जोखिम हानी के मूल कारण की पहचान की गई है और अनुपालन के लिए उपयुक्त जोखिम न्यूनीकरण योजना तैयार की गई है और हितधारकों को सूचित की गई है.

बैंक, मेसर्स कार्डेक्स इंडिया प्रा. लि. का एक स्थापना सदस्य है, बैंक के आंतरिक हानि डाटाबेस को समृद्ध बनाने के के उद्देश्य से भारतीय बैंक संघ के तत्वावधान में हानि डाटाबेस संघ गठित किया है.

मानकीकृत दृष्टिकोण (टीएसए) के तहत परिचालन जोखिम पूंजी के आकलन हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा बैंक को सहमति प्राप्त हुई है – (मार्च 2015 से समानांतर प्रभाव)

(iv) बेसल II और बेसल III का अनुपालन

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुपालन में, बैंक ने ऋण जोखिम के लिए मानकीकृत दृष्टिकोण, बाजार जोखिम के लिए मानकीकृत अवधि के अंतराल और परिचालन जोखिम के लिए मूल संकेतक दृष्टिकोण को अपनाया है. बैंक ने बेसल III के मानदंडों का पालन किया है और यथा 31 मार्च, 18 को कुल पूंजी पर्याप्तता अनुपात 13.90% (सीसीबी सहित) रहा, जो कि पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) सहित 10.875% के न्यूनतम निर्धारित मानक से अधिक है. आगे, बैंक ने बेसल II मानदंडों का भी अनुपालन किया है और यथा 31 मार्च 2018 को कुल पूंजी पर्याप्तता अनुपात 13.32% रहा, जो 9% के न्यूनतम निर्धारित मानक से अधिक है.

बैंक ने अपनी आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आईसीएएपी) नीति तैयार की है जो समय-समय पर भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों में संशोधन, उद्योग की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं और आईसीएएपी दस्तावेजों के बाहरी सत्यापन में संशोधन के आधार पर संशोधित है. आईसीएएपी दस्तावेज़ संकलित किया गया है और अर्ध वार्षिक आधार पर भारतीय रिजर्व बैंक को प्रस्तुत किया गया है. आईसीएएपी ढांचे के बाहरी सत्यापन आयोजित किया जाता है और बाहरी एजेंसी की सिफारिश उद्योग में सर्वोत्तम प्रथाओं का लाभ उठाने के लिए बैंक के प्रयास के हिस्से के रूप में शामिल की जाती है.

(v) एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आईआरएमएस) परियोजना

बेसल–II मानदंडों के सरल और प्रभावी अनुपालन की सुविधा के लिए, बैंक ने एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली (आईआरएमएस) का कार्यान्वयन शुरु किया है.

विशिष्ट आईआरएमएस परियोजना में छह समाधान होते हैं, जैसे ऋण जोखिम प्रबंधन (सीआरएम), बाजार मार्केट जोखिम प्रबंधन (एमआरएम), परिचालन जोखिम प्रबंधन (ओआरएम), ऋण जोखिम रेटिंग सोल्यूशन (सीआरआर) (खुदरा एवं गैर खुदरा), आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) और निधि आंतरण मूल्य निर्धारण (एफ़टीपी) समाधान.

जोखिम प्रबंधन के लिए कार्यान्वयन और अविरत जागरुकता अभियान के रूप में, बैंक ने 32 क्षेत्रों में नोडल अधिकारियों की पहचान की है जो जोखिम प्रबंधन पहल के कार्यान्वयन में सहायक हैं. प्रशिक्षणकर्ता को प्रशिक्षण की अवधारणा के माध्यम से जोखिम प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर नोडल अधिकारियों को संवेदनशील बनाया गया है.

(vi) बेसल III तथा पूंजी पर्याप्तता

बेसल III के तहत 10.875% की न्यूनतम नियामक पूंजी के प्रति 13.90% के सीआरएआर अनुपात के साथ बैंक की पूंजी उत्तम है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने ईक्विटी शेयरों के योग्य संस्थागत प्लेसमेंट (क्यूमआईपी) के माध्यम से ईक्विटी शेयर पूंजी के माध्यंम से सामान्य ईक्विटी टायर-1 पूंजी को 700 करोड़ (प्रीमियम सहित) तक बढाकर अपनी पूंजी स्थिति बढा दी है और भारत सरकार के ` 1277 करोड़ (प्रीमियम समेत) से ईक्विटी शेयर पूंजी के नए अंत:प्रवाह और आंतरिक संसाधनों की राशि के साथ ` 360 करोड़ की कमाई (नियामक पूंजी के लिए गणना) को बरकरार रखी है. बेसल–II मानदंडों के तहत 12.95% (यथा 31.03.2017) की तुलना में पूंजी पर्याप्तता अनुपात 13.32% (31.03.2018 तक) में सुधार हुआ है. इसके अलावा, बेसल–III के अंतर्गत पूंजी पर्याप्तता यथा 31.03.2016 को 12.73% से यथा 31.03.218 को 13.90% तक वृद्धि हुई है. पूंजी के सापेक्ष घटकों को निम्नानुसार प्रस्तुत किया गया है :

(` करोड़ो में)

बेसल–III	31.03.2017		31.03.2018	
	राशि	अनुपात	राशि	अनुपात
सामान्य ईक्विखटी टियर–I पूंजी ✻	7327.49	8.44%	10153.68	10.36%
अतिरिक्त. टियर–I पूंजी	1319.89	1.52%	1325.00	1.35%
टियर–I पूंजी ✻	8647.38	9.96%	11478.68	11.71%
टियर–II पूंजी	2404.11	2.77%	2145.75	2.19%
कुल पूंजी ✻	11051.49	12.73%	13624.43	13.90%
जोखिम भारित आस्तियां	86798.93		98024.80	

✻ पूंजी संरक्षण बफर (सीसीबी) की 31.03.2017 को 1.25% और 31.03.2018 को 1.875% सहित.

9. आस्ति गुणवत्ता

बैंक नए फिसलन को रोकने तथा लगातार आस्ति गुणवत्ता बनाए रखने पर ज़ोर देता रहा है. इस दिशा में बैंक ने विभिन्न उपायों को लागू किया है जिसमें से कुछ इस प्रकार हैं :

- तनाव के लक्षण दर्शानेवाले/देय राशि में चूक होनेवाले खातों को पहचाना गया और उन्हें विशेष निगरानी खाते की श्रेणी में रखा गया. जहां कहीं भी संभव था ऐसी आस्तियों की पुनर्संरचना की गयी, योग्य मामलों में आवश्यकता आधारित अतिरिक्त ऋण सीमाओं पर विचार किया गया. एनपीए में फिसलन हुए एमएसएमई खातों के संबंध में लाभप्रदता अध्ययन किया जाना है तथा जहां कहीं संभव हो, निर्धारित समय सीमा में पोषण पर ध्यान दिया जाए.
- एनपीए खातों के व्यवस्थित अनुवर्तन हेतु क्षे.का. में विशेष वसूली कक्षों का गठन किया गया. जिन केंद्रों में ऋण वसूली प्राधिकरण कार्यरत हैं वहां नोडल अधिकारियों को पदनामित किया गया है जो मामलों के शीघ्र निपटान हेतु पीठासीन अधिकारी तथा बैंक के अधिवक्ता के साथ नियमित रूप से संपर्क रखते हैं.
- इरादतन चूककर्ताओं के मामले में प्रतिभूतिकरण जैसे कानूनी विकल्प सहित भा.रि.बैं. को नाम देना आदि कठोर वसूली उपाय तत्काल करते हैं.
- अनर्जक ऋणों की त्वरित वसूली हेतु लोक अदालत की सेवाएं ली जाती है तथा ` 9.41 करोड़ रुपए की मात्रा के 725 संख्या के खाते लोक अदालत में निपटाए गए हैं.



- ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि और प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत एनपीए खातों की वसूली के लिए कारोबार संवाददाता नियुक्त हुए और 1688 खातों में ` 19.40 करोड़ की वसूली हुई.
- हासन, हुब्ली, कल्बुर्गी और मैसूर में चार वसूली केंद्र स्थापित किए गएं , जिनमें 1 प्रभारी केंद्र है और प्रत्येक केंद्र में 3 वसूली अधिकारी हैं.
- क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ वीडियो कान्फरेंस के माध्यम से त्वरित वसूली के लिए उन्हें मार्गदर्शन देते हुए उच्च प्रबंधन द्वारा 10 लाख तथा उससे अधिक के सभी एनपीए खातों की समीक्षा करनी है.
- त्वरित वसूली की सुविधा हेतु, बैंक की वसूली नीति के अधीन विभिन्न केंद्रों में बडी संख्या के एनपीए खातों की शाखाओं के समूह के लिए नियमित रूप से विजया अदालत का आयोजन किया जाता है, जहां पर खातों का निपटान उसी जगह पर किया जाता है. वर्ष के दौरान, 31.03.2018 तक बैंक ने निपटान के रूप में 8562 खातों में `121.30 करोड़ निपटाया है. क्षेत्रीय कार्यालय तथा शाखा स्तैर पर आयोजित अदालत से संबंधित विवरण के रिकार्डिंग के लिए और अदालत के तहत निष्पादन की प्रभावी निगरानी हेतु अलग से एक पोर्टल का उपयोग किया जाता है.
- बैंक की नवीन नीति के अनुसार, बैंक के देय की वसूली हेतु हमारे बैंक /सार्वजनिक बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों को भी नियुक्त किया है.
- कृषि और एमएसई क्षेत्रों के तहत एनपीए खातों में वसूली पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए, बैंक ने कृषि ऋण खातों के लिए विशेष ओटीएस और कॉफी और अनार के वृक्षारोपण के लिए विशेष ओटीएस और एमएसएमई ऋण खातों के लिए विशेष ओटीएस पेश किया है जो दिनांक 31.03.2018 तक लागू था.
- बैंक के पास ` 10.00 लाख तक प्राथमिकता क्षेत्र ऋणों के लिए 'विजया ऋण मुक्ति योजना' नामक एक विशेष ओटीएस है.
- सर्फेसी अधिनियम के अंतर्गत कवर नहीं किए गए एनपीए खातों के संबंध में वसूली एजेंटों को नियुक्त किया गया है.
- सरफेसी के तहत शुरू की गई कार्रवाई को या तो वसूली या खाते के उन्नयन से तार्किक अंत दिया गया. बैंक ने वर्ष के दौरान 31.03.2018 तक 6917 खातों में ` 1118.42 करोड़ वसूल किया.
- बैंक ने एनपीए वार रूम 1 और एनपीए वार रूम 2 नामक विशेष विंग गठन किया है. नए एनपीए खाते / अवमानक/ अन्य खुदरा एनपीए खातों का पालन शाखाओं / उधारकर्ताओं के साथ वसूली के लिए कर्मचारियों द्वारा वार रूम 1 में किया जा रहा है और ऋण खातों में संदिग्ध का पालन शाखाओं / उधारकर्ताओं के साथ वसूली के लिए कर्मचारियों द्वारा वार रूम में किया जा रहा है.
- बैंक ने एनपीए उधारकर्ताओं से संबंधित अतिरिक्त विवरण हासिल करने के लिए 'स्किप ट्रेसिंग' की नई पहल शुरू की है ताकि वसूली हेतु अनुवर्तन के लिए नया पता और उधारकर्ता से संबंधित अन्य विवरण पता लगा सके.
- संपर्क करने और विवरण रिकार्ड करने के लिए अलग से वसूली पोर्टल का उपयोग किया जाता है ताकि सभी एनपीए खातों का अनुवर्तन किया जा सके.
- संदिग्ध और हानि आस्तियों की वसूली के लिए वसूली एजेंटों को शामिल किया है.
- एनपीए वसूली पर पाक्षिक के आधार पर उच्च प्रबंधन द्वारा क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ वीडियों कॉन्फरेन्स का आयोजन
- डिक्री मामलों में ईपी के त्वरित निष्पादन के लिए कनिष्ठ अधिवक्ता को शामिल किया है.
- सभी केन्द्रों में जहां डीआरटी कार्यरत है, वहां नोडल अधिकारियों को नामित किया है और मामलों के त्वरित निपटान के लिए पीओ / आरओ के साथ संपर्क बनाए रखने के लिए अनुदेश दिया जाता है.
- बैंक की वसूली नीति के अनुसार ओटीएस योजना के तहत अनुमोदित समझौता किए गए सभी खाते, अनुमोदन की शर्तो के अनुसार तत्काल वसूली हेतु अनुवर्तन किए जाते हैं.
- दिवाला और दिवालियापन (आईबीसी) अधिनियम के तहत एनसीएलटी के लिए पात्र खातों को संदर्भित किए जाते हैं.
- अभिग्रहण एजेंटों के निष्पादन और निष्पाादन की निगरानी हेतु पोर्टल पर उच्च प्रबंधन के जरिए दो क्षेत्रों के क्षेत्रीय प्रबंधकों के साथ दैनंदिन वीडियो कॉन्फरेन्स का आयोजना करने का प्रगति पर है.

यथा मार्च 2018 को कुल अग्रिमों के बैंक का सकल गैर-निष्पादन आस्ति 6.34% रहा, जबकि निवल अग्रिमों से निवल एनपीए अनुपात 4.32% था. वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक को ` 1252.73 करोड़ की कुल नकद वसूली हुई (ब्याज सहित) तथा ` 876.57 करोड़ के एनपीए का उन्नयन किया गया. आगे, बैंक ने यथा 31 मार्च 2018 को ` 71.35 करोड़ के



अस्थिर प्रावधानीकरण के अलावा अप्रत्याशित चूक के लिए `2442.65 करोड़ का प्रावधानीकरण भी किया. यथा मार्च 2018 को प्रावधान प्रावरण अनुपात (पीडब्ल्यूओ सहित) 59.39% रहा.

10. डिजिटल बैंकिंग

बैंक, नए तकनीकी के आधार पर ग्राहकों को अपने उत्पााद व सेवा का प्रस्ताव रखने में हमेशा अग्रसर है. यह बैंक को ग्राहक का अनुभव व संतुष्टि को बढाने में मदद करता है. वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने, उपलब्ध नए तकनीकी के अनुसार उत्पाद व सेवा की शुरूआत / अपग्रेड किया है. बैंक की सहजवृत्ति जैसे तकनीकी को अपनाना, नए उत्पाकदों का प्रस्ताव और ग्राहकों को सुविधा प्रदान करना बैंक के उद्योग में प्रतिस्पर्धी बने रहने में सहायक होती है. वर्ष के दौरान बैंक द्वारा उठाए गए कुछ आईटी आधारित मुख्य पहल निम्नप्रकार है:

(i) इंटरनेट बैंकिंग

हम हाल ही में हमारे इंटरनेट बैंकिंग अर्थात वी-नेट बैंकिंग को अपग्रेड किया है, यह अब अनुक्रियाशील है अर्थात् लैपटॉप, मोबाइल या किसी हैण्ड--हेल्डग साधन पर इसका इस्तेमाल किया जा सकता है. वी-नेट बैंकिंग, जिसमें खाता शेष पूछताछ, खाता विवरणी, एनईएफटी/आरटीजीएस के जरिए अंतर बैंक तथा अन्य बैंकों के साथ निधि अंतरण, एसएमएस अलर्ट से संबंधित लेनदेन, अप्रत्यक्ष/प्रत्यक्ष कर का भुगतान, राज्य वाणिज्यिक कर, यूटिलिटी बिल भुगतान, मंदिरों को ऑनलाइन दान एवं प्रधान मंत्री राहत निधि के लिए ऑनलाइन दान तथा अन्य सुविधाएं उपलब्ध है. वी-नेट बैंकिंग में जोड दी गई विशेषताएं निम्नानुसार हैं:

- ऑनलाइन मीयादी जमा / आवर्ती जमा खाता खोलना
- पासवर्ड को ऑनलाइन पुन: बनाया जा सकता है
- यूजर आईडी व पासवर्ड ऑनलाइन पर सृजित किया जा सकता है
- ग्राहक अपना पीपीएफ खाता देख सकते हैं तथा वी-नेट बैंकिंग सुविधा उपयोग करते हुए जुडे गए अपने परिचालनात्मक खातें से पीपीएफ खाते में निधि का अंतरण कर सकते हैं
- ग्राहक अपने विजया बैंक क्रेडिट कार्ड विवरण देख सकते हैं
- ग्राहक आयात एवं निर्यात सीमा शुल्क का भुगतान कर सकते है
- ग्राहक भाषा अर्थात हिन्दी / अंग्रेजी का विकल्प ले सकते हैं
- आईडीबीआई पूंजी के सहयोग से ऑनलाइन ट्रेडिंग
- कार्पोरेट वी-नेट बैंकिंग उपयोगकर्ताओं को थोक / वेतन अपलोड की सुविधा है
- ग्राहक वी-नेट बैंकिंग लेनदेनों की सुरक्षा के लिए साफ्टवेयर / हार्डवेयर टोकन को चुन सकते हैं
- ग्राहक दर्ज किया हुआ आयकर रीटर्न की ई-फाइलिंग कर सकते हैं
- ग्राहक एनईटीबी/एनईटीयू को एसएमएस भेजने द्वारा वी-नेट बैंकिंग को ब्लॉहक और अनब्लॉरक कर सकते हैं

(ii) मोबाइल बैंकिंग

बैंक द्वारा मोबाइल बैंकिंग सेवाओं की शुरूआत वर्ष 2009 में हुई. वी-मोबाइल बैंकिंग चैनल के जरिए बैंक, खाता शेष पूछताछ, खाता विवरणी, मोबाइल रीचार्ज, डीटीएच रीचार्ज, एनईएफटी द्वारा अंतर बैंक व बैंक की शाखाओं के बीच निधि अंतरण, आदि प्रदान कर रहा है जो कि ग्राहक एसएमएस/ जीपीआरएस संप्रेषण मोड के जरिए हैंडसेट से कर सकते हें. तत्काल भुगतान सेवा एनपीसीआई (भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम) द्वारा शुरू की गई पहल है जिसे मोबाइल बैंकिंग सेवाएं उपयोग करनेवाले ग्राहक के लाभार्थ कार्यान्वित किया गया है. अंतर बैंक मोबाइल भुगतान सेवा (आईएमपीएस) (पी2पी-व्यक्ति से व्यक्ति को) जिसके जरिए 24 × 7 एमएमआईडी (मोबाइल मनी आइडेंटिफायर) का प्रयोग करके बैंक के अंदर व बैंकों के बीच लेनदेन कर सकते हैं. हमारी मौजूदा मोबाइल बैंकिंग सेवाओं में आईएमपीएस (पी2ए-व्यक्ति से खाते को) कार्यान्वित है जहां ग्राहक एमएमआईडी का उपयोग किए बिना, हिताधिकारी का खाता संख्या तथा आईएफएससी कूट का प्रयोग करते हुए निधि अंतरण कर सकते हैं.

अब बैंकने वर्धित रूप और भावना के साथ मोबाइल बैंकिंग के नए रूपांतरण का शुभारंभ किया है, जिसमें अतिरिक्त सुविधाएं जैसे कि ग्राहक द्वारा बैंक से सूचनाएं प्राप्त की जाना, निधि आंतरण लेनदेन की टिप्पणी जोड़ना, स्वयं द्वारा आवेदन पासवर्ड सृजित किया जाना और ग्राहकों के अनुकूल अन्य विकल्प उपलब्ध हैं. मोबाइल बैंकिंग द्विभाषी रूप में (हिन्दी व अंग्रेजी) उपलब्ध कराया गया है.

बैंक ने आईएमपीएस व्यापारी भुगतान के दोनों विकल्प अर्थात पुश एण्ड पुल सक्षम किया है. हमारा मोबाइल बैंकिंग ग्राहक आईएमपीएस विकल्प के तहत अपना एमएमआईडी,



मोबाइल नंबर और ओटीपी का उपयोग कर किसी भी बिल्लर साइट पर ऑनलाइन व्याएपारी भुगतान करने में सक्षम होगा.

(iii) मिस्सड कॉल सेवाएं (फ्री बज्ज)

बैंक, अपने ग्राहकों के लिए मिस्सड कॉल सेवाएं उपलब्ध करा रहा है जिससे ग्राहक, खाता शेष व लघु विवरण प्राप्त कर सकते हैं. शून्य प्रभार से मिस्स्ड कॉल देने की सुगमता ग्राहकों के लिए बहुत ही लाभदायक है.

(iv) वी–फी हाईव

हमारी इन–हाउस सॉफ्टवेयर विकास टीम ने शैक्षिक संस्थाओं से शुल्क संग्रहण, अपार्टमेंट से मासिक रख–रखाव शुल्क संग्रहण तथा क्लबों द्वारा शुल्क संग्रहण के लिए एक विशेष एप्लिकेशन विकसित किया है. इसमें कुछ विशिष्टताएं हैं जैसे डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड तथा इंटरनेट बैंकिंग आदि अन्य भुगतान चैनल को एकीकृत किया जा सकता है. प्रतिष्ठित संस्थाएं जैसे कि आईआईएम–कालीकट, आर्मी पब्लिक स्कूल– दिल्ली, एनपोया कालेज– मंगलूर, माऊंट कार्मेल कालेज–बेंगलूरू इस सुविधा का लाभ उठा रही हैं. डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम तकनीकी महाविद्यालय उत्तर प्रदेश, एसएसआरआईटी बेंगलूरू, मोतिलाल नेहरू नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी और वासवी पर्ल अपार्टमेंट सहित इस साल में विभिन्न नई संस्थाओं के लिए आवेदन लागू किया गया था.

(v) वी–ई पासबुक +

हमारी इन–हाउस सॉफ्टवेयर विकास टीम ने मोबाइल एप्लिकेशन विकसित की है जिससे खाता विवरण/लेनदेन विवरण प्राप्त किया जा सकता है. इस एप्लिकेशन में अतिरिक्त ग्राहकोन्मुख विशिष्टताएं हैं जैसे प्रत्येक लेनदेन के लिए टिप्पणियां जोडने की सुविधा, विभिन्न वैयक्तिक खाता शीर्ष रखने की सुविधा तथा एक ही क्लिक से इन खातों में पासबुक लेनदेन जोडने की सुविधा, आदि. अद्यतन प्रस्तुतियां तथा सूचनाएं जैसे बैंक की ब्याज दर से युक्त पृष्ठ इसके जरिए बैंक की वेबसाइट में जाने की सुविधा तथा किसी दोस्त को परिचय कराने की सुविधा इस एप्लिकेशन में उपलब्ध है. आनलाइन पर पासवर्ड को रीसेट किया जाना, वित्तीय कैलेंडर बनाए रखना, हमारी शाखा/एटीएम को पहचानना, हिन्दी/कन्नड भाषाओं में विवरण दर्शाया जाना, आदि जैसी आकर्षक विशेषताओं के साथ प्रचलित वर्ष के दौरान वी–ई पासबुक +2.00 का नया रूपांतरण जारी किया गया.

वी–ई पासबुक + – पासबुक का एक इलेक्ट्रानिक संस्करण जो खाता धारकों को अपने मोबाइल डिवाइस पर अपनी पासबुक बनाए रखने में सक्षम बनाता है.

मुख्य विशेषताएं –

- एकाधिक खातों की पासबुक का अनुरक्षण
- किसी भी अनुरोध या शाखा में जाने बिना सुविधा का लाभ उठाएं और जहां भी हो, किसी भी समय खाता जानकारी के साथ अपडेट हों
- बैंक डाटा के साथ सिंक करने हेतु जब भी आप मोबाइल नेटवर्क पर और ऑफलाइन मोड में भी उपयोग कर सकते हैं
- प्रत्येक पासबुक प्रविष्टियों पर व्यक्तिगत नोट्स बनाएं
- व्यक्तिगत खातों का अनुरक्षण करें और उसके साथ पासबुक के लेन–देन को टैग करें
- इन व्यक्तिगत खातों में भी बैंक के बाहर होनेवाले लेनदेनों का रिकार्ड करें

(vi) भीम आधार विजया

भीम आधार विजया उत्पादों की विशेषताएं :

- अपने खाते में सीधे तत्काल भुगतान स्वीकार करें – आपके खाते में नकद जमा करने के लिए समय बिताने की आवश्यकता नहीं है
- नकदी में भुगतान प्राप्त करने की परेशानी से बचें – नकली नोटों का कोई जोखिम नहीं है
- लेनदेन रिपोर्ट प्राप्त करें और अपने कारोबार का ट्रैक रखें
- कार्ड रहित लेनदेन : उपभोक्तात की जरूरतों के लिए उनकी आधार संख्या की आवश्याकता है
- सकुशल और सुरक्षित

(vi) बीएचआईएम आधार विजया

बीएचआईएम आधार विजया उत्पाद की विशेषताएं निम्नानुसार हैं

- सीधे अपने खाते में तत्काल भुगतान स्वीकार करें – अपने खाते में नकद जमा करने के लिए समय व्यय करने की आवश्यकता नहीं है.
- नकदी में भुगतान प्राप्त करने की परेशानी से बचें – नकली नोटों का कोई जोखिम नहीं



- लेनदेन रिपोर्ट प्राप्त करें और अपने कारोबार का ट्रैक रखें
- बिना कार्ड के लेन-देन: उपभोक्ता को केवल अपनी आधार संख्या की जरुरत है.
- सकुसल और सुरक्षित

(vii) बीएचआईएम विजया यूपीआई

बीएचआईएम विजया यूपीआई पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आईएमपीएस इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्मित एक त्वरित भुगतान प्रणाली है और इसमें किसी भी दो पार्टियों के बैंक खातों के बीच तत्काल धन आंतरण अनुमत है.

26 अगस्त 2016 को निम्न सुविधाओं के साथ यूपीआई शुरू किया गया था.

- एकाधिक बैंक खातों के लिए एकल ऐप
- विजया बैंक या गैर-विजया बैंक के ग्राहक विजया बैंक के यूपीआई ऐप का उपयोग करके अपने बैंक खाते के विवरण जाने बिना पैसे भेज सकते हैं या पैसे मांग सकते हैं
- वर्चुअल भुगतान पते (वीपीए) पर धन अंतरण
- खाता संख्या/ आईएफएससी या मोबाइल संख्या/ एमएमआईडी (मोबाइल मनी आइडेंटिफ़ायर) का उपयोग करके पैसे भेजने का विकल्प
- केवल वर्चुअल भुगतान पता (वीपीए) का उपयोग करके लाभार्थी को तुरन्त जोड़ें. बैंक खाता संख्या और आईएफएससी याद रखने या दर्ज करने की कोई आवश्यकता नहीं है.
- प्रेषक की वर्चुअल आईडी का उपयोग कर किसी से भी धन के लिए अनुरोध किया जा सकता है.
- लिंक किए गए बैंक खातों की शेष राशि की जांच कर सकते हैं.
- निधि अंतरण तत्काल 24 × 7, 365 दिन उपलब्ध है और पूरी तरह सुरक्षित तरीके से होता है
- ग्राहक दुरुपयोग के डर के बिना अन्य लोगों के साथ यूपीआई वित्तीय पते को स्वतंत्र रूप से साझा कर सकते हैं
- ग्राहकों को बैंकों में के कई खातों के लिए एकाधिक वर्चुअल पतों को बनाने का विकल्प है
- आईएमपीएस का उपयोग करके भुगतान और वसूल करें

(viii) वी-ईकनेक्ट +

वी-ईकनेक्ट+ एक ऐसा ऐप है जो हमारे बैंक के विभिन्न ई-उत्पादों के साथ निम्नलिखित सुविधाएं प्रदान करता है.

- सभी मोबाइल एप के लिए त्वरित लिंक
- सभी वेबसाइट के लिए त्वरित लिंक
- मिस काल सेवा
- नेट बैंकिंग
- डेबिट कार्ड
- दर
- सोशल बैंकिंग
- हमारे बारे में जाने
- ऋण तथा जमा परिकलन
- छुट्टियां
- हमारे बारे में और हमसे संपर्क करें

(ix) टॉगल डेबिट कार्ड :

डेबिट कार्ड की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक बन गई है और ग्राहक को कार्ड का नियंत्रण प्रदान करना डेबिट कार्ड सुरक्षा प्राप्त करने का सबसे आसान तरीका है. स्मार्टफोन से अपने कार्ड को नियंत्रित करने के लिए कार्डधारकों को सशक्त बनाने से, कार्डधारक एक ही स्पर्श के साथ अपने कार्ड को लॉक या अनलॉक कर सकते हैं. वे स्थान, क्षेत्रों के मानचित्र, व्यक्तिगत व्यापारी, व्यापारी प्रकार, लेनदेन वर्ग और व्यय सीमाओं के आधार पर व्यक्तिगत और निर्भर कार्ड उपयोग को नियंत्रित कर सकते हैं; तत्काल लेनदेन अलर्ट पर तुरंत कारवाई कर सकते हैं और धोखाधड़ी अलर्ट का जवाब दे सकते हैं; टैगिंग, ज्ञापन, व्यापारी रसीद कैप्चर, और विवाद धोखाधड़ी लेनदेन द्वारा लेनदेन का प्रबंधन कर सकते हैं.

उपयोगकर्ता, वी-ईकनेक्ट+ द्वारा प्रदान किए गए टॉगल समाधान का उपयोग कर सकते हैं:

- एकल ऐप का उपयोग करके एकाधिक कार्ड का प्रबंधन और नियंत्रण कर सकते हैं
- अस्थायी रूप से कार्ड को बंद कर सकते हैं और आवश्यकता होने पर इसे वापस स्विच कर सकते हैं
- अनुकूलन लेनदेन प्रकार और खर्च सीमा



- एक समय में एक ही लेनदेन अनुमत करने के लिए सुरक्षित मोड चालू करें
- लेनदेन अलर्ट कॉन्फ़िगर करें
- भौगोलिक बाड़ लगाने का उपयोग करके स्थान के आधार पर नियंत्रण कार्ड
- अपनी सुविधा के आधार पर इंटरनेट बैंकिंग को अवरुद्ध और अनवरोधित करें

(x) टॉगल वी-नेट बैंकिंग

बैंक ने इसके उपयोग के सरलता पर समझौता किए बिना ग्राहकों की सुरक्षा के लिए अपना डिजिटल बैंकिंग उत्पाद में सुरक्षा विशेषताओं को जोड़ने का सदैव प्रयास किया है. ग्राहकों की ओर से इंटरनेट बैंकिंग (वी-नेट बैंक) को सक्षम और अक्षम बनाने की सुविधा प्रदान करने के लिए टॉगल वी-नेट बैंकिंग की शुरूआत की है. यह ग्राहक को मोबाइल में उपलब्ध अपने वी-कनेक्ट+ से अपने इंटरनेट बैंकिंग सुविधा को लॉक करने की सुविधा प्रदान करता है.

(xi) सोशल मीडिया बैंकिंग

फेसबुक, ट्विट्टर, इंस्टाग्राम , यूट्यूब तथा लिंकेडिन जैसे सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे ग्राहक बैंकिंग सेवाएं भी प्राप्त कर सकते हैं. सोशल मीडिया बैंकिंग फेसबुक और ट्विटर के माध्यम से निम्नलिखित विशेषताओं को प्रदान करता है.

- ग्राहक पंजीकरण
- खाते में शेष राशी
- लघु विवरण
- निधि अंतरण
- बिल का भुगतान

(xii) एसएमएस अलर्ट्स/ई-मेल

- बैंक एसएमएस अलर्ट सेवा भी प्रदान करता है. `1/- से अधिक सभी लेनदेन तथा चेक लौटाए जाने के संबंध में, चाहे राशि जितनी भी हो, संदेश भेजे जाते हैं. जिन खाताधारकों ने ई-मेल आइडी रजिस्टर किया है, उनको ई-मेल के जरिए खातों की मासिक विवरणी भेजने का कार्य शुरू किया गया है. ` 1 करोड़ तथा उससे अधिक की जमाराशि बंद करने तथा खोलने के लिए ग्राहक के पंजीकृत ईमेल आईडी (शाखा व क्षे.का) को अब लेनदेन अलर्ट मेल भी भेजा जा रहा है.

एसएमएस अलर्ट निम्न के लिए भी उपयोग किया जाता है -

- एसएमएस-ओटीपी (एक बारगी पासवर्ड) द्वारा हिताधिकारियों को वी-नेट बैंकिंग में जोडना
- ऑनलाइन पर वी-नेट बैंकिंग एसएमएस-ओटीपी (एक बारगी पासवर्ड) रीसेट किया जा सकता है
- अन्य सुरक्षा सुविधाओं के साथ-साथ खुदरा ग्राहक को , एसएमएस-ओटीपी (एक बारगी पासवर्ड) द्वारा स्व-प्रयोक्ता बनाया जा सकता है
- ग्राहकों को सलाहकार एसएमएस/मेल
- जमाकर्ताओं को बंद करने के बारे में एसएमएस

(xiii) वी ज्ञानसागर:

वी ज्ञानसागर विजया बैंक द्वारा जनता के लिए वित्तीय साक्षरता के भाग के रूप में वित्तीय जानकारी प्रदान करने की एक अनूठी पहल है. वी ज्ञानसागर आंड्राय्ड मोबाइल अनुप्रयोग है, जो ग्राहक को वित्तीय, आर्थिक और बैंकिंग विषय पर दैनिक अद्यतन प्राप्त करने की सुविधा तथा वित्तीय और बैंकिंग शब्दों की व्याख्या प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान करता है.

(xiv) वी अबैकस :

एक मिस कॉल देकर खाता खोलना और टैब बैंकिंग के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा कार्यांवित की गई है.

जो ग्राहक शाखा में आकर खाता नहीं खोल सकते, उनके लिए यह सुविधा उपयोगी है.

(xv) वी क्विकपे :

वी क्विकपे हमारे बैंक की एक अनूठी पहल है और अगली पीढ़ी की बिल भुगतान सेवा है, जहां क्यूआर कोड की स्कैनिंग द्वारा बिल का भुगतान किया जाता है. ग्राहक को हमसे इस सुविधा का लाभ उठाए व्यापारियों द्वारा सृजित बिल के क्यूआर कोड का स्कैन करना है तथा पीओएस मशीन पर क्रेडिट / डेबिट कार्ड स्वाइप किए बिना बिल के भुगतान करना है. इसमें क्रेडिट और डेबिट कार्ड द्वारा और किसी भी बैंक के नेट बैंकिंग द्वारा भुगतान करने की सुविधा है.

(xvi) वी ऑनलाइन बचत बैंक खाता:

हमारी वेबसाइट 'www.vijayabank.com' द्वारा ऑनलाइन बचत बैंक खाता खोलने का विकल्प पेश किया गया था.

ग्राहक खाते खोलने के लिए अपनी सुविधानुसार अपनी पसंद का स्थान चुनना है. ग्राहक के अनुरोध के संबंध में शाखा एक स्वचालित मेल प्राप्त करती है; शाखा ग्राहक को बुलायेगी और आवश्यक दस्तावेजों और प्रक्रियाओं को सूचित करेगी. ग्राहक अपने द्वारा चुने दिनांक पर शाखा का दौरा करेंगे तथा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करके खाता खोलते हैं.

(xvii) आंतरिक नियंत्रण

बैंक ने आईटी व आईएस सुरक्षा, इन्टरनेट बैंकिंग नीति, आईटी खरीद नीति, इंटरनेट उपयोग नीति, ई-मेइल नीति, कारोबार निरंतरता नीति, डिसास्टर रिकवरी नीति, औटसोर्सिंग नीति जैसी नीतियों पर दस्तावेज़ तैयार कर लिए हैं जिसमें कई प्रकार के क्षेत्र स्तर व प्रशासनिक स्तर के कार्य शामिल हैं. इस प्रकार के प्रत्येक कार्यों से जुडे जोखिमों को दूर करने हेतु पर्याप्त नियंत्रण भी तैयार किए गए हैं. वर्ष 2017-18 के दौरान आईटी नीति व आईएस नीति संशोधित की गयी. आईएस सुरक्षा के एक भाग के रूप में घटना प्रबंधन, भेद्यता व पेनट्रेशन परीक्षा के लिए भी नीतियाँ तैयार की गई है.

(xviii) सुरक्षा परिचालन केंद्र

बैंक ने सुरक्षा सूचना व घटना प्रबंधन समाधान (एसआईईएम) एवं सह-संबंध टूल सहित सुरक्षा परिचालन केंद्र स्थापित किया,जो आक्रमण को क्रियात्मक रूप से रोकने/प्रशमन करने में बैंक को मदद कर रहा है. हमारे बैंक ने सामान्य आरएफपी के तहत भारत सरकार की नयी पहल के अनुसार सुरक्षा परिचालन केंद्र के कार्यान्वयन हेतु सार्वजनिक क्षेत्र के 9 बैंकों के लिए सामान्य अधिप्राप्ति प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया है तथा उक्त परियोजना सफलतापूर्वक पूर्ण की गई है. इस परियोजना के भाग के रूप में, हमारे बैंक के सुरक्षा बुनियादी को मजबूत करने के लिए हमारे बैंक ने निम्नरलिखित समाधान प्राप्तर किया है, जो कार्यान्वनयन के अंतर्गत है :

1. वेब एप्लिकेशन फायरवाल
2. डाटाबेस गतिविधि निगरानी समाधान
3. नेटवर्क विश्लेषण समाधान
4. विशेषाधिकृत पहचान प्रबंधन समाधान
5. विरोध उन्नत निरंतर खतरा समाधान
6. आईटी गवर्नेन्स, जोखिम व अनुपालन

(xix) एनएसीएच (राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह)

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, कार्पोरेट तथा सरकार के लिए इंटरबैंक, अधिक मात्रा, इलेक्ट्रॉनिक लेनदेन जो दोहराव और आवधिक प्रकृति में हैं, को सुविधाजनक बनाने के लिए वेब आधारित समाधान का कार्यान्वित किया है. एनएसीएच परियोजना के लिए आधार-मापर व ओएमसी डीबीटीएल (विकल्प्-2) फाइल का जेनरेशन के लिए स्वचलित प्रकिया कार्यान्वित किया है.

(xx) आपदा उद्दार

बैंक ने एकीकृत मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली, एकीकृत खजाना प्रबंधन प्रणाली व एकीकृत जोखिम प्रबंधन प्रणाली को कार्यान्वित करके कोर बैंकिंग समाधान के साथ एकीकृत किया है. आईटीएमएस परियोजना मुंबई में डीआर सेटअप की स्थापना के साथ सभी उद्देश्यों को पूरा किया है. एचआरएमएस भी मुम्बई में डीआर सेटअप की स्थापना के साथ सभी उद्देश्यों को पूरा किया है.

(xxi) सॉफ्टवेयर टोकन

विजया बैंक ने दोहरी प्रमाणीकरण (2एफए) के अतिरिक्त उपाय के रूप में सॉफ्टवेयर टोकन (एनईएक्यूएस टीआरयूआईडी) की शुरूआत की है. सॉफ्ट टोकन एक मोबाइल अप्लीकेशन (एनईएक्यूएस टीआरयूआईडी) है जो विजया बैंक इंटरनेट बैंकिंग में लेनेदेन के प्रमाणीकरण के लिए एसएमएस ओटीपी के बदले में एकबारगी पासवर्ड (ओटीपी) सृजित करता है. यह तत्क्षण ओटीपी सृजित करता है और एसएमएस ओटीपी की अनिवार्यता को समाप्त करता है. मोबाइल अप्लीकेशन एनईएक्यूएस टीआरयूआईडी आपके मोबाइल को अनाधिकृत रूप से रखने वाले व्यक्ति द्वारा इसके दुरूपयोग को रोकने के लिए पिन संरक्षित है.

(xxii) हार्डवेयर टोकन:

बैंक उच्च मूल्यवान कॉर्पोरेट ग्राहकों को हार्डवेयर टोकन प्रदान कर रहा है, जो बटन पर सिर्फ एक क्लिक से हार्डवेयर टोकन पर ओटीपी उत्पन्न कर सकते हैं. लाभार्थी परिवर्धन, निधि आंतरण इत्यादि के लिए ओटीपी का उपयोग किया जा सकता है.

(xxiii) बीबीपीएस (भारत बिल भुगतान प्रणाली)

बीबीपीएस वी-मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से पेश किया जा रहा है और बीबीपीएस के भाग के रूप में निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध हैं.



- सिस्टम किसी भी समय कहीं भी सुलभ है, जिससे ग्राहकों के लिए यह सुविधाजनक होता है
- स्पॉट भुगतान पुष्टिकरण पर सिस्टम आसानी से सत्यापन योग्य बनाता है
- ग्राहक केवल बीबीपीएस नेटवर्क से कनेक्ट करके, ऑनलाइन या एजेंटों के माध्यम से किसी भी समय कहीं भी बिलों के भुगतान की सुविधा का उपयोग कर सकते हैं
- बैंक शाखाएं, एटीएम, ग्राहक सेवा केंद्र, आदि, बीबीपीएस का आउटलेट हो सकते हैं, ग्राहक किसी भी बीबीपीएस आउटलेट से भुगतान कर सकता है
- इस प्रणाली के उपयोग के साथ ग्राहकों में सुरक्षा और विश्वसनीयता प्रदान की जा सकती है

(xxiv) भारत क्यूआर – वीपेक्विक मर्चेंट एपीपी

भारत क्यूआर के लिए उपयोगकर्ता प्रक्रिया प्रवाह निम्नानुसार है:

- यह सुविधा ग्राहक को वीपेक्विक ऐप खोल देगा और भारत क्यूआर वेतन विकल्प का चयन करेगा
- इस विशेषता में ग्राहक को व्यापारी के क्यूआर कोड को स्कैन करने की सुविधा है
- क्यूआर कोड स्कैनिंग से व्यापारी का नाम और आईडी जैसे व्यापारी जानकारी प्रदर्शित होती है
- ग्राहक, राशि भर सकते हैं और लेनदेन कर सकते हैं
- ग्राहक के वीपेक्विक वॉलेट से राशि डेबिट कर दी जाएगी और संबंधित व्यापारी अधिग्रहणकर्ता को अनुरोध भेजा जाएगा
- व्यापारी, वीजा / मास्टर / रुपे / वीपेक्विक के हो सकते हैं
- यदि लेनदेन ऑनअस ओएनयूएस लेनदेन है, तो यह हमारे पारिस्थितिक तंत्र में सुलझाया जाएगा और सफल प्रतिक्रिया ग्राहक और व्यापारी को भेजी जाएगी
- यदि लेनदेन ऑफअस लेनदेन है तो पीओएस लेनदेन में उपयोग की जा रही निपटान प्रक्रिया का पालन किया जाएगा

(xxv) भिम विजया यूपीआई क्यूआर समाधान

- ग्राहक निकटतम किराने की दुकान या किसी पेट्रोल बंक एचपीसीएल में भुगतान करने के लिए भिम विजया यूपीआई का उपयोग करता है
- खरीद के बाद, किराने की दुकान के मालिक ग्राहक को स्थिर क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान करने के लिए मांग कर सकते हैं या यूपीआई के माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए भुगतान विवरण के साथ पीओएस एप्लिकेशन का उपयोग कर एक गतिशील क्यूआर कोड उत्पन्न कर सकते हैं
- ग्राहक मोबाइल पर यूपीआई एप्लिकेशन खोलता है और पीओएस डिवाइस पर क्यूआर कोड या पीओएस द्वारा मुद्रित बिल पर या मर्चेंट आउटलेट पर प्रदर्शित स्थिर क्यूआर स्कैन करता है
- यूपीआई एप्लिकेशन ग्राहक को क्यूआर से सभी मूल्यों को पहले से भरे भुगतान स्क्रीन पर सीधे पहुंचाता है
- ग्राहक स्क्रीन पर प्रदर्शित सभी जानकारी सत्यापित करता है तथा भुगतान को पूरा करने के लिए और भुगतान पूरा करने के लिए भुगतान पर क्लिक करता है
- व्यापारी और ग्राहक दोनों तुरंत पुष्टि प्राप्त करते हैं

(xxvi) एटीएम

अपने विशाल विस्तार वाले ग्राहक आधार और भौगोलिक क्षेत्र तक पहुंचने के लिए, बैंक ने देश के विभिन्न हिस्सों में वर्ष 2017-18 के दौरान 154 नए एटीएम खोले है, जो पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 44% की वर्ष-दर-वर्ष की वृद्धि दर दर्ज की गई थी. इसके साथ मार्च 2018 के अंत में कुल एटीएम की संख्या 2155 तक बढ गई. भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक के सभी मौजूदा एटीएम तथा नए स्थापित एटीएम को `200 मूल्य के नए मुद्रा के लिए कैलिब्रेट करना पडा और कैलिब्रेशन प्रक्रियाधीन है. विमुद्रीकरण के बाद, बैंक ने मोबाइल एटीएम वैन खरीदी और इसे चालू कर दिया, जो कि बेंगलूरू शहर और आसपास के शहरों में और आसपास के सार्वजनिक स्थानों जैसे प्रदर्शनियों, मेला (उदाहरण के लिए डिजिटल धन मेला) आदि पर सफलतापूर्वक ग्राहक की नकदी जरूरतों को पूरा करता है. यह सेवा ग्राहकों की सेवा के लिए उच्च स्तर की लचीलेपन प्रस्तुत करता है. बैंक ने अपने सीएसआर गतिविधियों के प्रत्येक सफल वित्तीय लेनदेन के लिए ` 0.50 साझा करके एक सामाजिक कारण के लिए बैंक को अपने समकक्ष बैंकों से एक कदम आगे बढ़ाया, जो सार्वजनिक रूप से हमारे बैंक के एटीएम को चुनने के लिए एक और बेहतर कारण जोडा. इससे जनता के बीच बैंक के ब्रांड नाम और छवि को बढ़ाने में मदद मिली. प्रति ग्राहक के लिए लागत तथा एटीएम का संचालन का समय कम करके

एटीएम की दक्षता बढ़ाने के लिए सभी ऑनसाइट एटीएम को तद्नुरूपी एटीएम को लाभ केंद्र के रूप में बनाते हुए, सीआरए (नकद प्रतिपूर्ति एजेंसी) से मूल शाखा को वापस लाए गए है. बैंक अपने सभी एटीएम पर अच्छी माहौल बनाए रखने के लिए भी सावधानी बरतते हैं, जिससे ग्राहकों के लिए सभी आवश्यक मार्गदर्शन और आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ इसे साफ और सुव्यवस्थित रखा जा सके जो ग्राहक अनुभव को बढ़ाने में मदद करता है.

(xxvii) आरटीजीएस एवं एनईएफटी सेवाएं

सभी शाखाओं को कोर बैंकिंग समाधान के अधीन लाने के जरिए अब बैंक के ग्राहकों को आरटीजीएस व एनईएफटी सेवाएँ सभी शाखाओं में उपलब्ध है. चूँकि एसटीपी को आरटीजीएस व एनईएफटी में सक्षम किया गया है इसलिए ग्राहक तुरंत अंतर बैंक व बैंक के अंदर भी तुरंत निधि अंतरण सेवा का लाभ उठा सकते हैं. केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली जैसे कि तत्काल सकल भुगतान प्रणाली (आरटीजीएस) तथा राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण (एनईएफटी) के लिए संप्रति सिर्फ सीधी सदस्यता उपलब्ध है. भा.रि.बैं. ने एनईएफटी तथा आरटीजीएस प्रणालियों में भाग लेने हेतु उप-सदस्यता मार्ग को सभी लाइसेंसीकृत बैंकों को विस्तार करने का निर्णय लिया है. उप-सदस्य केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली में अपने प्रायोजक बैंक के जरिए भाग लेंगे, जो केंद्रीकृत भुगतान प्रणाली के सीधे सदस्य हैं. बैंक ने शिम्षा सहकारा बैंक नियमिता, मद्दूर तथा लोकपावनी महिला सहकारी बैंक, मंड्या के साथ हमारी आरटीजीएस/एनईएफटी सेवाओं को उप-सदस्यों के रूप में प्रयोग करने के लिए व्यवस्था की है.

(xxviii) आईएमपीएस :

मोबाइल, इंटरनेट आदि के माध्यबम से पूरे भारत में बैंकों के भीतर धन अंतरण के लिए आईएमपीएस एक प्रबल उपकरण है, यह केवल सुरक्षित नहीं मगर दोनों वित्तीय तथा गैर वित्तीय परिप्रेक्ष्य में किफायती भी है. यह सेवा 24×7 उपलब्ध है, रविवार व किसी भी बैंक अवकाश सहित सालभर है. आईएमपीएस प्रणाली ग्राहकों को मोबाइल व इंटरनेट बैंकिंग के जरिए लेनदेन करने देता है और वी-मोबाइल व वी-नेट बैंकिंग के जरिए सभी ग्राहकों को उसी का प्रस्ताव रखता है.

(xxix) व्यापारी नामांकन:

डिजिटलीकरण अपनाने के साथ, हमारे बैंक ने बड़ी संख्या में व्यापारियों को नामांकित किया है और वर्ष के दौरान 4224 मशीनें स्थापित की हैं. 2017-2018 के वित्तीय वर्ष के अंत में स्थापित मशीनों की कुल संख्या 9359 है, जबकि 31.03.2017 में मशीनों की संख्या 5135 थी. बैंक ताररहित कार्ड स्वाइपिंग मशीन प्रदान कर रहा है और टर्मिनल ईएमवी / यूकेपीटी / टीएलई के अनुरूप हैं. हमारी सभी पीओएस मशीन आधार सक्षम हैं.

(xxx) क्रेडिट कार्ड

वित्तीय वर्ष के अंत में, बैंक द्वारा जारी किए गए कुल कार्ड 61246 थें. 31/03/2018 को क्रेडिट कार्ड की कुल रकम ` 1564.70 करोड़ है, जो पिछले वर्ष के ` 993.49 करोड़ के कारोबार की तुलना में 58 % की वृद्धि है. कार्डधारकों को बेहतर और मूल्यवर्धित सेवाएं प्रदान करने के लिए क्रेडिट कार्ड सिस्टम, क्रेडिट कार्ड ग्राहक पोर्टल, कार्ड लेनदेन के लिए ईएमआई विकल्प जैसी अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने के लिए एक नई प्रणाली में माइग्रेट किए गए थे. लेनदेन देखने, विवरण उत्पन्न करने, पिन उत्पन्न करने आदि के लिए ग्राहक पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है.

एंड्रॉइड और आईओएस मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम दोनों के लिए एक नई पीढ़ी विजया बैंक क्रेडिट कार्ड मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया गया है. ऐप का उपयोग कार्ड का प्रबंधन, अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन के उपयोग को अवरुद्ध / अनवरोधित करने, मेन और ऑड ऑन कार्ड के लेनदेन को देखने विवरण सृजित करने, सेवा अनुरोध इत्यादि के लिए किया जा सकता है.

बैंक ने उच्च मूल्य के रुपे प्लैटिनम और सेलेक्ट क्रेडिट कार्ड जारी करना शुरू किया है. रुपए क्रेडिट कार्ड में मुफ्त एयरपोर्ट लाउंज सुविधा, विभिन्न छूट प्रस्ताव और `10 लाख तक का व्यक्तिगत दुर्घटना कवरेज है.

हमारी शाखाओं के लिए क्रेडिट कार्ड आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन की गई है और इससे तेज़ी से क्रेडिट कार्ड जारी की जाने की सुविधा होती है.

(xxxi) डेबिट कार्ड

बैंक वीसा और रुपे दोनों के सहयोग से डेबिट कार्ड जारी करता है. भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान को हमारा समर्थन देने के अनुक्रम में, हमारे बैंक ने हमारे ग्राहकों के बीच भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के ब्रांड रुपे डेबिड कार्ड बढ़ावा देने का प्रबुद्ध निर्णय लिया है. बैंक हमारे उच्च निवल संपत्ति वाले ग्राहकों को रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड भी जारी कर रहा है और रुपे अंतर्राष्ट्रीय प्लेटिनम डेबिट कार्ड को शुरू करने की प्रक्रिया में भी है.

हमारा डेबिट कार्ड व प्रीपेड कार्ड कारोबार में गत वित्तीय वर्ष 2016-17 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2017-18 में 33.79% की बढ़ोतरी हुई है.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान डेबिट कार्ड की संख्या में अच्छी खासी बढ़ोतरी हुई है. वित्तीय वर्ष 2016-17और 2017-18 में जारी किए गए डेबिट कार्डों के विवरण नीचे दर्शाया गया हैः

जारी किए गए डेबिट कार्ड	वित्तीय वर्ष 2017-18	वित्तीय वर्ष 2016-17
वित्तीय वर्ष के दौरान जारी किए गए कुल डेबिट कार्ड	9,51,518	14,46,281
प्रमंजधयो खातों को जारी डेबिट कार्ड	46,024	57,556
प्रमंजधयो खातों को जारी डेबिट कार्ड को छोड़कर डेबिट कार्ड की कुल संख्या	9,05,494	13,88,725

(xxxii) डेबिट और क्रेडिट कार्ड के लिए ग्रीन पिन

कागज रहित बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए, बैंक के दौरान डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड के लिए ग्रीन पिन सुविधा शुरू की है. ग्राहक इस सुविधा के माध्यम से तत्काल डेबिट और क्रेडिट कार्ड के लिए पिन जेनरेट कर सकते हैं.

(xxxiii) जीएसटी के लिए पर्यवेक्षण और संग्रह

बैंक ने ग्राहकों द्वारा जीएसटी चालान संग्रह और बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के लिए जीएसटी शुल्क संग्रह की सुविधा के लिए सुविधा लागू की है. बैंक ने तमिलनाडु महानिरीक्षक पंजीकरण (टीएनआईजीआरएस), असम राज्य कर संग्रह और राजस्थान ऑनलाइन भुगतान के लिए राज्य कर संग्रह भी लागू किया है.

11. आंतरिक निरीक्षण व नियंत्रण प्रणाली

बैंक में सुपरिभाषित आंतरिक लेखा परीक्षा नीति है, जिसमें जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा (आरबीआईए), समवर्ती लेखापरीक्षा, सूचना प्रणाली लेखापरीक्षा,एएमएल/केवाईसी अनुपालन, आदि शामील है. कार्यपालक की लेखापरीक्षा समिति व मंडल की लेखापरीक्षा समिति आंतरिक लेखापरीक्षा व नियंत्रण कार्य का की देखरेख करती है सकारात्मिक और समय पर मध्यंक्षेप के साथ प्रभावी प्रणाली का कार्यान्वयन तथा विकास में बैंक को मार्गदर्शन करती है.

देश के विभिन्न स्थानों में स्थित 10 क्षेत्रीय निरीक्षणालय, सांविधिक व नियामक आवश्यकताओं के अनुसार शाखाओं तथा कार्यालयों द्वारा नीति व प्रक्रिया, आंतरिक नियंत्रण, प्रस्तुत प्रणाली का अनुपालन की जांच करता है. 2017-18 के दौरान, सभी 1443 शाखाओं / इकाईयों में आरबीआईए संचालित किया गया और 88% लेखापरीक्षित शाखाएं 'कम जोखिम' पाई गई है. 10 वां क्षेत्रीय निरीक्षणालय वर्ष के दौरान लखनऊ में उद्घाटित किया गया.

आरबीआईए, निरंतर आधार पर अधिक जोखिम और विशेष शाखाओं के समवर्ती लेखापरीक्षा के साथ पूरक बना है. वर्ष के दौरान, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित 50% के प्रति, 437 शाखाएं / कार्यालय समवर्ती लेखा परीक्षा के अंतर्गत कवर किए गए थें, जो बैंक के कारोबार के 80% थे.

सभी सेवा शाखाओं और खुदरा आस्ति केन्द्रीय प्रसंस्करण केन्द्र (आरएसीपीसी) का सूचना सुरक्षा लेखापरीक्षा सीआईएसए योग्य अधिकारियों द्वारा की गई थी. बैंक के कर्मचारियों द्वारा 27 आउटसोर्स सेवा प्रदाताओं के निष्पादन का मूल्यांकन किया गया था. इसके अलावा, सीआईएसए / डीआईएसए योग्य सनदी लेखाकारों से युक्त समवर्ती लेखापरीक्षा फर्मों द्वारा 9 आउटसोर्स वित्तीय गतिविधियों की लेखा परीक्षा हमारे बैंक कर्मचारियों द्वारा की जा रही है और यह कार्य तुरंत पूर्ण होगा. जांच व संतुलन में सुधार व देखरेख मजबूत करने के लिए बैंक ने प्रणाली निर्वाह लेखापरीक्षा का भी प्रारंभ किया है. वर्ष के दौरान 150 शाखाओं में निर्वाह लेखापरीक्षा की गई है. आगे, 111 शाखाओं में आकस्मिक निरीक्षण किया गया.

(i) वेब आधारित लेखापरीक्षा (ईआरबीआईए)

बैंक ने 1 अक्टूबर 2016 से प्रभावी वेब आधारित लेखापरीक्षा (ईआरबीआईए) कार्यान्वित किया है. ई-आरबीआई के तहत, लेखा परीक्षा की पूरी प्रक्रिया, जैसे कि लेखा परीक्षा योजना, आंतरिक लेखा परीक्षकों को शाखाओं का आबंटन, कार्य दिवस का निर्धारण, लेखापरीक्षा का वास्तविक संचालन, कारोबार के तहत मैट्रिक्स स्कोरिंग, नियंत्रण और समग्र जोखिम, शाखाओं का जोखिम मूल्यांकन, विस्तृत आरबीआई रिपोर्ट की तैयारी, खाता-वार विचलन और विचलन-वार खातों की पहचान, संक्षिप्त रिपोर्ट तैयार करना, टिप्पणियों में सुधार, अंतिम सुधार प्रमाण पत्र (एफआरसी) की प्रस्तुती सिस्टम-आधारित हैं. यह अत्यधिक डेटा / ऑडिट अखंडता और कार्यदिवस में महत्वपूर्ण कमी सुनिश्चित करेगा. चूंकि वेब आधारित लेखापरीक्षा ऑन-लाइन लेखापरीक्षा है, टिप्पणियों के तत्काल हाजिर सुधार हेतु सभी संबंधितों द्वारा तत्काल आधार पर लेखापरीक्षा का पर्यवेक्षण किया जा सकता है. सभी क्षेत्रीय निरीक्षणालय के

अधिकारियों, शाखा प्रमुखों, एबीएम और क्षे.का. स्तर पर निरीक्षण विभाग संभालने वाले अधिकारियों के लिए वार्षिक रूप से प्रशिक्षण दिए गए हैं और सभी नई प्रगति(यदि कोई हो तो) को कार्यक्रम में शामिल की गई है.

वर्ष 2017-2018 के लिए, आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार आरबीआईए के संचालन के लिए ठेके के आधार पर बैंक ने स्केल खत तक के हमारे भूतपूर्व अधिकारियों / कार्यपालकों को आंतरिक लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया है. हमारे नियमित आंतरिक निरीक्षक शाखाओं / कार्यालयों के लेखा परीक्षा के लिए इन आंतरिक लेखा परीक्षकों के साथ होंगे. एचओसी 17079 में सूचित मूल्यांकन मैट्रिक्स के अनुसार सेवानिवृत्त अधिकारियों सहित सभी आंतरिक निरीक्षकों के लिए कार्यप्रदर्शन मूल्यांकन किया जा रहा है.

(ii) वेब आधारित लेखा परीक्षा (समवर्ती):

बैंक ने 1 जुलाई 2017 से वेब आधारित लेखा परीक्षा (समवर्ती) शुरु की है. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित 50% के प्रति बैंक के कुल कारोबार के 80% से अधिक को कवर करने वाली जमा राशि और अग्रिमों जैसे व्यापार मानकों के अनुसार बैंकों को वार्षिक आधार पर शाखाओं को चुना जाता है. आरबीआई द्वारा निर्धारित मौजूदा दिशानिर्दे शों के अनुसार समवर्ती लेखा परीक्षकों का चयन वार्षिक आधार पर किया जाता है. सीआईएसए / डीआईएसए योग्य चयन समवर्ती लेखा परीक्षकों की चयन प्रक्रिया हर साल मई महीने में शुरू होती है और 15 जून से पहले समाप्त होती है और लेखा परीक्षकों का चयन 1 जुलाई से 30 जून तक की 1 वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा. समवर्ती लेखा परीक्षकों का कार्य निष्पादन मूल्यांकन वार्षिकआधार पर क्षे.का. और क्षे.नि. द्वारा किया जा रहा है. इसके तहत, शाखाओं में हर महीने समवर्ती लेखा परीक्षा प्रक्रिया की जाती है. सभी 'उच्च जोखिम' शाखाएं, सेवा शाखाएं, सभी सीबीबी, आरएसीपीसी और चयनित प्र.का. विभाग समवर्ती लेखापरीक्षा के अधीन होंगे.

(iii) नियंत्रण इकाई

प्रका व क्षेत्रीय कार्यालय के नियंत्रण इकाई, 87 प्रमुख अलर्ट संकेतकों के अंतर्गत ग्राहक के लेनदने की निगरानी करता है. सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के नियंत्रण इकाई के नोडल अधिकारियों तथा शाखाओं के अधिकारियों को संवेदनशील बनाने हेतु वर्ष के दौरान सभी क्षेत्रीय कार्यालय में नियंत्रण व समीक्षा प्रकिया पर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया.

(iv) नियंत्रण इकाई रिपोर्ट पोर्टल

बैंक ने आंतरिक लेखा परीक्षा एवं पर्यवेक्षण विभाग के ऑफसाइट निगरानी कक्ष के लिए 82 विभिन्न रिपोर्टों को बनाया है जहां कक्ष प्रारंभिक अवस्था में धोखाधड़ी और आय रिसाव की पहचान करने के लिए निर्दिष्ट अवधि के आधार पर आवश्यक रिपोर्ट तैयार कर सकता है.

12. धोखाधडी निगरानी एवं सतर्कता

(i) धोखाधडी निगरानी कक्ष :

बैंक में एक स्वतंत्र धोखाधडी निगरानी कक्ष है, जो धोखाधडी – वर्गीकरण और प्रस्तुतीकरण से संबंधित भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार कार्य करता है. वित्तीय वर्ष के दौरान `31.02 करोड़ मूल्य के 19 धोखाधडी भारतीय रिज़र्व बैंक को रिपोर्ट किए गए हैं. `1 लाख एवं उससे अधिक मूल्य के सभी धोखाधडी के मामलों को कार्यप्रणाली व प्रणाली में कमी यदि कोई हो तो, के अनुसार योजनाबद्ध तरीके से विश्लेषित किए गए और समय पर भा.रि.बैं. को प्रस्तुत किए गए. ऐसे सभी धोखाधडी के मामलों के संबंध में पुलीस/सीबीआई मुकदमा दर्ज किए जाते हैं. ` 1लाख से अधिक मूल्य के धोखाधडी के मामले मंडल के सम्मुख प्रस्तुत किए जाते हैं तथा मंडल के अनुदेश/दिशानिर्देश को कार्यान्वित किया जाता है. धोखाधडी के मामले की तिमाही समीक्षा मंडल की लेखापरीक्षा समिति द्वारा की जाती है. `1करोड़ से अधिक के बडे मूल्य के धोखाधडीयों की समीक्षा आवधिक अंतराल पर मंडल की विशेष समिति के सम्मुख प्रस्तुत की जाती है. सभी धोखाधडी के मामलों में नवीनतम स्थिति/प्रगति के संबंध में त्रैमासिक आधार पर भा.रि.बैं को रिपोर्ट की जाती है. धोखाधडी रोकथाम के उपाय तथा प्रणाली में सुधार पर आवधिक दिशानिर्देश/ अनुदेश जारी किए जाते हैं.

धोखाधड़ी के वर्गीकरण और वाणिज्यिक बैंकों और चयनित वित्तीय संस्थाओं द्वारा रिपोर्टिंग पर 19.04.2017 मुंबई में अधीनस्थ विधान पर समिति, राज्यसभा पर एक अध्ययन दौरा किया गया और बैंक ने उक्त बैठक में भाग लिया है.

(ii) सतर्कता एवं सूचना का अधिकार अधिनियम – 2005

प्रधान कार्यालय में सतर्कता विभाग की अध्यक्षता कार्यकारी निदेशक स्तर के मुख्य सतर्कता अधिकारी कर रहे हैं जो अब पंजाब एण्ड सिंध बैंक से प्रतिनियुक्त पर है. सतर्कता विभाग, बैंक का सारा सतर्कता कार्य केन्द्रीय सतर्कता आयोग द्वारा निर्धारित मार्गनिर्देशों के अनुसार करता है. इसके अतिरिक्त,

सतर्कता विभाग निवारक सतर्कता उपाय पर ध्यान रखते हुए क्षेत्रीय कार्यालयों में स्थित क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारियों (एफवीओ) द्वारा शाखाओं और नियंत्रण कार्यालयों का यादृच्छिक सतर्कता निरीक्षण भी करता है. आंतरिक सॉफ्टवेयर विजिलेंस वन के जरिए निवारक सतर्कता निरीक्षण आयोजित किया जा रहा है. बेहतर निवारक सतर्कता तंत्र को अपनाने के लिए हमारे पास निम्न सूचित हैं कि

- ऋण और अग्रिम, कार्यालय लेखा, कर्मचारी से संबंधित मामलों, व्यय शीर्ष और नकदी संबंधी मामलों, आदि के क्षेत्र में पोर्टल के अनुकूलित सवाल टेम्पलेट्स.
- शाखा के जोखिम मापदंडों के आधार पर शाखा निरीक्षणों की प्राथमिकता को अनुकूलित किया गया है.

जांच के आदेश की शुरुआत से लेकर अंतिम आदेश जारी करने तक जांच की पूरी प्रक्रिया को स्वचालित बनाने के लिए सतर्कता विभाग की पहल में विकसित आंतरिक सॉफ्टवेयर का लाइव परीक्षण आंतरिक पर्यवेक्षण और सतर्कता विभागों द्वारा पूर्ण हुआ है. सॉफ्टवेयर के परीक्षण का अंतिम चरण कार्मिक विभाग (आईआरडी) द्वारा प्रक्रियाधीन है.

हमने सामान्य जनता से सतर्कता से संबंधित शिकायतों को प्राप्त करने के लिए अपने बैंक के मानक लोक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस) पोर्टल को भी अनुकूलित किया है. शिकायत दर्ज करने के लिए जॉब कार्ड भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है ताकि सतर्कता शिकायतों को दर्ज करने के लिए आम जनता की सुविधा हो सके. यह पोर्टल बैंक की कॉर्पोरेट वेबसाइट में उपलब्ध कराया जाता है.

निवारक सतर्कता के हिस्से के रूप में, सतर्कता मामलों पर सभी स्टाफ सदस्यों को आवधिक अंतराल पर एसएमएस भेजे जा रहे हैं.

सीवीसी के निदेशों के अनुसार, बैंक द्वारा 30.10.2017 से 04.11.2017 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया. हमने 2152 जागरूकता ग्रामसभा का आयोजन किया है तथा स्टाफ सदस्यों और बैंक के विभिन्न ग्राहकों द्वारा 104242 ई-प्रतिज्ञा/सामूहिक प्रतिज्ञा ली गई. 3 नवंबर, 2017 को मंचनायकनहल्ली ग्राम, रामनगर जिला में एक जागरूकता ग्राम सभा की व्यवस्था की गई, जिसमें सीवीसी के अधिकारियों, बैंक के शीर्ष अधिकारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी और अध्यक्ष, ग्राम पंचायत, मंचनायकनहल्ली ने भाग लिया. ग्रामीण लोगों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए सत्यनिष्ठा शपथ, वित्तीय साक्षरता केंद्र और वित्तीय समावेशन के लिए स्टाल खोले गए. 41 कालेजों में 6892 छात्रों के लिए तथा 90 स्कूलों में 11850 छात्रों के लिए निबंध लेखन, भाषण, चित्रलेखन, चर्चा कार्यक्रम और क्विज जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं. बैंगलूर में 03 नवंबर, 2017 को एक वॉकेथॉन का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय सतर्कता आयोग और बैंक के शीर्ष प्रबंधन के कार्यपालकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया.

13. अनुपालन

मंडल अनुमोदित अनुपालन नीति, भारतीय रिज़र्व बैंक के मौजूदा दिशानिर्देशानुसार अपेक्षित है तथा तदनुसार बैंक ने अनुपालन नीति अपनायी है तथा नीति में निदेशित अनुसार कार्य करता है. अनुपालन विभाग की अध्यक्षता मुख्य अनुपालन अधिकारी कर रहे हैं जो उप महा प्रबंधक स्तर के है. प्र.का. के सभी विभागों, क्षेत्रीय कार्यालयों तथा शाखाओं में अनुपालन अधिकारियों को पहचानित किया गया है.

अनुपालन के महत्व पर प्रतिभागियों को शिक्षित करने के लिए सभी आंतरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एक सत्र आवंटित किया गया है. सभी द्वितीय पंक्ती के कार्यपालकों / क्षेत्रीय कार्यालयों के क्षेत्रीय अनुपालन अधिकारियों के लिए अनुपालन पर एक कार्यशाला आयोजित की गई थी. अनुपालन विभाग, प्र.का. सुनिश्चित करता है कि वह भारत सरकार, भा.रि.बैं., भा.बैं.सं. तथा अन्य विनियामकों द्वारा जारी विभिन्न दिशानिर्देशों का अनुपालन करता है. समय समय पर जारी किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार, प्रत्येक तिमाही में अनुपालन परीक्षण किया जाता है. अनुपालन पहलुओं पर त्रैमासिक और वार्षिक समीक्षा मंडल के सम्मुख प्रस्तुत की जाती है. अनुपालन जोखिम का आकलन करने के लिए 354 अनुपालन मानदंड पहचानित किया गया है. अनुपालन विभाग, प्र.का. विनियामकों को समय पर विवरणियों की प्रस्तुती की निगरानी भी करता है तथा मुख्य अनुपालन अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करता है.

(i) अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी), धन शोधन निवारक (एएमएल) तथा आतंकवाद को वित्तीयन की रोकथाम (सीएफटी)

बैंक ने काले धन को वैध बनाने या आतंकवादी वित्तीपोषण गतिविधियों के लिए असामाजिक तत्वों द्वारा उपयोग किए जाने से बैंक को रोकने के उद्देश्य से केवाईसी, एएमएल और सीएफटी पर एक व्यापक नीति तैयार की है. यह सुनिश्चित करने के लिए प्रक्रिया व प्रणाली अपनाई गई हैं कि गुमनाम/फर्जी नाम या आपराधिक पृष्ठ भूमि के व्यक्तियों द्वारा और/या आतंकवादी संगठनों के साथ संपर्क रखनेवाले व्यक्तियों द्वारा खाता नहीं खोला गया है. तैयार रेकनर और एकल बिंदु संदर्भ के लिए 'अपने ग्राहक को जानिए मानक के लिए त्वरित संदर्भ मार्गदर्शिका' निकाली है.

बैंक ने ई-लर्निंग पोर्टल खोला है जिसमें एफएक्यू के साथ केवाईसी/एएमएल पर विस्तृत परस्पर संवाद सत्र भी शामिल है. केवाईसी मानदण्डक व एएमएल दिशानिर्देशों के कार्यान्वयन की आंतरिक निरीक्षक तथा समवर्ती लेखा परीक्षकों द्वारा जांच की जा रही है निर्धारित आवधिकता के अनुसार, सिस्टम सृजित रिपोर्ट वित्तीय आसूचना इकाई-भारत (एफआईयू-आईएनडी) को प्रस्तुत करना है.

(ii) केन्द्रीय केवाईसी रिकार्ड रजिस्ट्री (सीकेवाईसीआर)

बैंक ने केन्द्रीय केवाईसी रिकार्ड रजिस्ट्री(सीकेवाईसीआर) कार्यान्वित करने के लिए कदम उठाए है, जिसमें सभी व्यक्तिगत ग्राहकों के केवाईसी विवरण ले सकते हैं तथा पता साक्ष्य,आईडी साक्ष्य, फोटो तथा नमूना हस्ताक्षर की स्कैन्ड प्रतियों के साथ सीईआरएसएआई में अपलोड कर सकते हैं तथा 14 अंक की विशिष्ट पहचान संख्या ग्राहक को दी जाएगी.

(iii) जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस)

भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2013-14 के दौरान चयनित बैंकों में लेनदेन-परीक्षण दृष्टिकोण (सीएएमईएलएस) की जगह को अनुपालन-आधारित जोखिम आधारित पर्यवेक्षण (आरबीएस) का प्रतिस्थापन किया है. आरबीएस में, बैंक के विकास प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं और नीतियों पर ध्यान केंद्रित करते है. मार्च 2015 से हमारा बैंक आरबीएस ढांचे से जुडा है. मुख्यतः अनुपालन स्तर और प्रणाली और नीतियों का अनुपालन पर केन्द्रित है. बैंकिंग उद्योग में उभरते जोखिमों के आधार पर आवश्यकताओं को गतिशील रूप से बदलने की उम्मीद है. पर्यवेक्षक द्वारा एकत्रित किए गए डेटा में गुणात्मक और मात्रात्मक डेटा शामिल हैं और व्यापक रूप से सभी जोखिम पहलुओं को कवर करने की अपेक्षा की जाती है.

जोखिम आधारित पर्यवेक्षण प्रक्रिया ऑफसाइट निगरानी पर जोर देती है और इसीलिए यह डेटा बेहद सघन है.

बैंक द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों और सूचना के ऑफसाइट विश्लेषण के आधार पर और साथ ही पर्यवेक्षी मूल्यांकन (आईएसई) के लिए ऑनसाइट निरीक्षण का निष्कर्ष बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 35 के तहत किया गया है. जोखिम और पूंजी मूल्यांकन (एसपीएआरसी) के लिए पर्यवेक्षी कार्यक्रम के तहत बैंक की निगरानी की जा रही है.

(iv) सूचना का अधिकार अधिनियम – 2005

भारत सरकार ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 को अधिनियमित किया जो 12 अक्तूबर 2005 को लागू हुआ. यह अधिनियम प्रत्येक नागरिक को सार्वजनिक प्राधिकारियों के नियंत्रणाधीन सूचना को पाने / तक पहुंचने का हक प्रदान करता है. प्रशासन में तथा इससे संबंधित या प्रासंगिक मामले में खुलापन, पारदर्शिता तथा जवाबदेही लाना ही इसका उद्देश्य है.

बैंक ने सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सभी शाखा प्रबंधकों को सहायक जन सूचना अधिकारी, सभी 32 क्षेत्रीय कार्यालयों की दूसरी पंक्ति के कार्यपालकों को सार्वजनिक सूचना अधिकारी तथा क्षेत्रीय प्रबंधकों को अपील प्रधिकारियों के रूप में पदनामित किया है. प्र.का. में उप महा प्रबंधक को जन सूचना अधिकारी तथा महा प्रबंधक को अपील प्रधिकारी के रूप में पदनामित किया है. समग्र बैंक में, सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के तहत 33 कार्यालयों को क्रमानुसार जन सूचना अधिकारी तथा अपील अधिकारी उपलब्ध कराए गए हैं. सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अनुसार प्रधान कार्यालय स्तर पर वर्तमान जन सूचना अधिकारी और अपील प्राधिकारी की अनुपस्थिति में अत्यावश्यक/आपात स्थिति में कर्तव्यों के निर्वहन के लिए एक वैकल्पिक जन सूचना अधिकारी और एक वैकल्पिक अपील प्राधिकारी भी उपस्थित रहेंगे.

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 अधिनियम के अंतर्गत मांगी गयी सूचना निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रस्तुत की जाती है. वर्ष 2017-18 के दौरान, इस सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत बैंक को ......725.... आवेदन व ....161...अपील प्राप्त हुए व निपटाए गए.

14. मानव संसाधन विकास

(i) श्रमशक्ति

बैंक में कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या मार्च 2017 के 15679 की तुलना में मार्च, 2018 में 16079 रही. कुल स्टाफ में से, 8410 अधिकारी, 5172 लिपिकीय कर्मचारी, 2497 कर्मचारी अधीनस्थ संवर्ग में है. मार्च 2018 के अंत तक महिला कर्मचारियों की संख्या 4479 रही जिसमें 2403 अधिकारी और 2076 एवार्ड स्टाफ हैं. मार्च 2018 के अंत

तक विकलांगता वाले व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) वर्ग में 342 कर्मचारी और भूतपूर्व सैनिक वर्ग में 976 कर्मचारी रहे.

(ii) भर्ती

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक ने, की गई भर्ती के कुल 1154 संख्या 2 में से 548 अधिकारियों तथा 597 लिपिकों और अधीनस्थ संवर्ग में 09 कर्मचारियों की भर्ती की.

(iii) पदोन्नतियां

वर्ष 2017-18 के दौरान की गयी पदोन्नतियां निम्नानुसार हैं:

क्रम सं.	से पदोन्नति	तक पदोन्नति	कुल पदोन्नत
1	उ.का.श्रे.वे VI	उ.का.श्रे.वे- VII	2
2	व.प्र.श्रे.वे-V	उ.का.श्रे.वे- VI	9
3	व.प्र.श्रे.वे-IV	व.प्र.श्रे.वे-V	34
4	म.प्र.श्रे.वे-III	व.प्र.श्रे.वे-IV	84
5	म.प्र.श्रे.वे-II	म.प्र.श्रे.वे-III	106
6	क.प्र.श्रे.वे-I	म.प्र.श्रे.वे-II	218
7	लिपिकीय	क.प्र.श्रे.वे-I	310
8	अधीनस्थ कर्मचारी	लिपिक	113

डीओपीटी, कार्मिक मंत्रालय के अनुसार, ''ग्रुप डी और ग्रुप सी के लिए पदोन्नति के मामले में 3 प्रतिशत की रिक्तियां दिव्यांग व्यक्तियों के लिए आरक्षित है, जिनमें से (1) अंधापन या कम दृष्टि (2) सुनने में क्षीणता और (3) हरकत की दिव्यांगता या मस्तिष्क पक्षाघात से पीडित व्यक्तियों को हरेक दिव्यांगता के लिए पहचाने गए पद में प्रत्येक 1 प्रतिशत आरक्षित है''.

उपरोक्त के अतिरिक्त, जिम्मेदार नियोक्ता के रूप में, समान रोजगार अवसर को बढावा देने और पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के विधिसम्मत कैरियर आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु इस प्रकार से प्रेरणा प्रदान करने के लिए हमारे बैंक ने नई पदोन्नति नीति तैयार की है, यह नीति बैंकिंग उद्योग में विशेष रूप से पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के लिए पहला अवसर है. नई शुरू की गई पदोन्नति नीति में पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के लिए पात्रता मानदंड में छूट है, जिससे पीडब्ल्यूडी कर्मचारी को अपना कैरियर में आगे बढने में सहायता मिलेगी. वर्ष 2017-2018 के दौरान 06 पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों को लिपिकीय संवर्ग से कप्रश्रे वेतनमान-1 में पदोन्नत किया गया है.

(iv) कर्मचारी तथा शाखा उत्पादकता

तिमाही औसत प्रति कर्मचारी कारोबार यथा 31.03.2017 को ₹15.51 करोड़ से यथा 31.03.2018 को ₹18.10 करोड़ तक बढा. प्रति शाखा कारोबार यथा 31.03.2017 को ₹113.22 करोड़ से यथा 31.03.2018 को ₹129.20 करोड़ तक बढा.

(v) प्रशिक्षण

बैंक में प्रभावी प्रशिक्षण प्रणाली है, जिसे को अतिरिक्त सक्षम श्रमशक्ति और आवश्यक संरचना के जरिए सुदृढ किया गया है. कर्मचारियों को अपनी भूमिका तथा उत्तरदायित्वों को प्रभावी ढंग से निभाने में सक्षम बनाने तथा अधिक स्पर्धात्मक, प्रौद्योगिकी उन्मुख, ग्राहक केंद्रित बैंकिंग वातावरण में अच्छी तरह निष्पादन करने तथा उसे बनाए रखने हेतु पाठ्यक्रमों को सुधारा गया है. बैंक अपने कर्मचारियों को प्रतिष्ठित संस्थानों के सहयोग से ऋण, फॉरेक्स, खजाना प्रबंधन, जोखिम प्रबंधन, मानव संसाधन, विपणन, आदि क्षेत्रों में विशेष प्रशिक्षण दिलवा रहा है.

वित्तीय वर्ष के दौरान, बैंक ने 14710 विभीन्न संवर्गों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाया है. इसमें से 13228 कर्मचारियों को बैंक की अपनी संस्थाओं में प्रशिक्षण दिलाया गया तथा 1482 समुद्रपारीय संस्थ्ाओं सहित प्रतिष्ठित बाह्य प्रशिक्षण संस्थांओं में प्रशिक्षण दिलाया गया.

(vi) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडे वर्ग के कर्मचारी

मार्च 2018 के अंत तक कुल 16079 स्टाफ में से 3252 अनुसूचित जाति वर्ग, 1236 अनुसूचित जनजाति वर्ग और 4042 अन्य पिछडे वर्ग के हैं.

(vii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कक्ष

अ.जा./अ.ज.जा. कक्ष सभी 32 क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्य कर रहे हैं तथा अ.जा./अ.ज.जा. के वरिष्ठ अधिकारी को संपर्क अधिकारी के रूप में पदनामित किया गया है. प्रधान कार्यालय में अ.जा./अ.ज.जा. कक्ष मुख्य संपर्क अधिकारी के अधीन कार्यरत है.

अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारियों की शिकायतों पर विचार करके उन पर तुरंत निवारक कार्रवाई की जाती है. मुख्य संपर्क अधिकारी अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारी कल्याण संघ व उनके प्रतिनिधियों से प्रधान कार्यालय में मिलते हैं तथा



यदि कुछ शिकायत हो तो प्र.का. के संबंधित विभाग को निवारण हेतु भेज देते हैं. इसी प्रकार क्षेत्रीय प्रमुख/संपर्क अधिकारी क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर शिकायतों का निवारण करते हैं.

आगे, सरकार के मार्गनिर्देशों के अनुसार, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ और अ.जा./अ.ज.जा. प्रतिनिधियों के बीच नियमित तौर पर तिमाही बैठक आयोजित की जाती है. इन बैठकों में, अ.जा./अ.ज.जा. कर्मचारियों से संबंधित कोई शिकायत हो तो, अ.जा./अ.ज.जा. कल्याण संघ के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया जाता है तथा निपटाया जाता है. प्राप्त सभी अभ्यावेदनों को एक रजिस्टर में प्रविष्टि की जाती है तथा प्रत्येक अभ्यावेदन पर की गयी कार्रवाई भी दर्ज की जाती है. समय-समय पर मुख्य संपर्क अधिकारी द्वारा रजिस्टर का निरीक्षण किया जाता है.

इसी प्रकार, सभी 32 क्षेत्रीय कार्यालयों व प्रधान कार्यालय में ओबीसी के लिए अलग से नियुक्त मुख्य संपर्क अधिकारी के अधीन ओबीसी कक्ष कार्यरत है.

बैंक नियमित तौर से अ.जा/अ.ज.जा. व अ.पि.व. (अर्थात अधीनस्थ कर्मचारी, लिपिक तथा वेतनमान III तक के अधिकारियों) के लिए पदोन्नति-पूर्व प्रशिक्षण की व्यवस्था करता है.

पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के कल्याण के लिए, बैंक ने प्रधान कार्यालय के साथ साथ क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर भी दिव्यांग व्यक्तियों के लिए शिकायत निवारण समिति का गठन किया है. समिति की तिमाही बैठकें नियमित आयोजित की जाती हैं, जिसमें पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की विभिन्न शिकायतों को हल किया जाता हैं और कार्यदशा को बेहतर बनाने हेतु तथा कार्यस्थल को और अधिक सुगम बनाने के लिए उनके सुझाव और विचार मांगे जाते हैं.

हमारा बैंक दिव्यांग व्यक्ति सहित अ.जा/अ.ज.जा., अ.पि.व. व अल्पसंख्यक समुदाय के कर्मचारियों के लिए पदों के आरक्षण के संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्धारित सभी नीति दिशानिर्देशों का अनुपालन कर रहा है.

(viii) स्टाफ संबंध

बैंक के सक्रिय एवं मानवीय दृष्टिकोण के कारण बैंक को सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए और बैंक के प्रबंधन तथा कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से बैंक लगातार प्रगतिशील वृद्धि दर्शा रहा है. वातावरण सकारात्मक है तथा इसका परिणाम मार्च 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक की निरंतर वृद्धि के रूप में प्रतिध्वनित हुआ है. बैंक में औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण तथा स्नेहपूर्ण है. वर्ष के दौरान कर्मचारियों द्वारा बैंक से संबंधित मुद्दों के लिए कोई आंदोलन अथवा अशान्ति नहीं रही. कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण करने तथा विवाद, यदि कोई, को सौहार्दपूर्ण तरीके से दूर करने के उद्देश्य से मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ नियमित अंतरालों पर सलाहकार समिति की बैठकें आयोजित की जाती है तथा इन बैठकों में बैंक के शीर्ष कार्यपालक उपस्थित होते हैं.

(ix) खेल-कूद गतिविधियां

(क) बास्केट बॉल टीम

बैंक की बास्केटबॉल टीम में बहुत उत्तम निष्पा दन किया है. एसोसिएशन कप में वे रनर अप थे तथा मुल्कि सुंदर राम शेट्टी अखिल भारतीय बास्केटबॉल टूर्नामेंट एवं डिविजन स्टेट लीग में तीसरा स्थान हासिल किया है. श्री राजेश उप्पूर, जिन्होंने भारत का प्रतिनिधित्व किया है और प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार प्राप्त किया है. श्री अनिल कुमार, केओए (कर्नाटक ओलंपिक संघ) का प्राप्तकर्ता और श्री अरविंद भारत और विदेश में विभिन्न प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किए हैं. श्री अनिल कुमार, श्री कार्तिकेयन और श्री अरविंद ने चैन्नई में आयोजित 68वें नेशनल में, कर्नाटक राज्य टीम का प्रतिनिधित्व किया हैं. श्री श्रीनिवास गौड़ा, श्री स्टालिन और श्री संजय को राज्य एसोसियेशन द्वारा चयनकर्ता और कोच के रूप में बुलाया गया था.

(ख) क्रिकेट टीम

क्रिकेट टीम ने एलेप्पी कप टी -20 जीत कर असाधारण प्रदर्शन किया है. वे प्रतिष्ठित जी 2 - प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट 2017 और टी10 बाश टूर्नामेंट बैंगलूर में रनर रहे.

श्री आर.विनय कुमार, श्री सी.एम. गौतम और श्री के. गोतम कर्नाटकने प्रतिनिधित्व किया हैं और भारतीय टीम के लिए संभावितों के रूप में नियमित प्रशिक्षण में हैं. श्री के.सी. कारियप्पा, श्री जीशान अली और श्री रोहन कदम ने कर्नाटक का प्रतिनिधित्व और नियास एन ने त्रिवेंद्रम का प्रतिनिधित्व करते हुए रणजी ट्रोफी में भाग लिया.

श्री. के गौतम ने आईपीएल 2018 में राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया.

श्री राजशेखर शांबल, श्री राघवेंद्र सी, श्री महेश, श्री संतोष कुमार और श्री अय्यप्पा के एम को राज्य एसोसियेशन द्वारा चयनकर्ता और कोच के रूप में बुलाया गया है.

(ग) कबड्डी टीम

कब्बडी टीम एक अनुकरणीय रूप में रही है और



निरंतरता प्रदर्शित की है. वे मैसूर में 'ऑल इंडिया मेयर्स कप टूर्नामेंट', चन्नरायपट्टण में राज्य स्तर कबड्डी टूर्नामेंट, बेल्थंगडी में राज्य स्तर कबड्डी टूर्नामेंट के विजेता है. अखिल भारतीय कारवार टूर्नामेंट जमखंडी, बागलकोट जिले में अखिल भारतीय कबड्डी टूर्नामेंट के रन्नर है.

श्री प्रशांत रै, श्री सुकेत हेग्डे, जो प्रतिष्ठित एकलव्य पुरस्कार प्राप्तकर्ता है और श्री सचिन वी. फेडरेशन कप (रनर) के लिए चुने गए थें.

श्री दिवेश, श्री मोहम्मद इसाक, श्री रोहित मर्ला और श्री सुनील ने 10वीं बीच कबड्डी चैम्पियनशिप में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व किया. श्री प्रशांत रै, श्री सुकेत हेगड़े, जो टीम के स्टार कलाकार हैं, अब 18 वीं एशियाई गेम्स के लिए भारतीय प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन किए गए है. उन्होंने क्रमशः गुजरात फॉर्च्यून जैंट्स (कैप्टन) और हरियाणा स्टीलर्स का प्रो कबड्डी 2017 प्रतिनिधित्व किया है.

(x) स्टाफ कल्याण उपाय

आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार निवल लाभ के 3%, अधिकतम `15.00 करोड़ तक की राशि को बैंक के कर्मचारियों के कल्याण हेतु आबंटित किया जाना है.

बैंक में विभिन्न स्टाफ कल्याण योजनाएं हैं जैसे

1. कैंटीन अनुदान
2. समाचार पत्र प्रतिपूर्ति
3. वार्षिक स्वास्थ्य जांच
4. प्र.का. में स्वास्थ्य क्लीनिक
5. अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों और वीआरएस विकल्पी जिन्होंने 60 साल की आयु पूरी की है, को वार्षिक चिकित्सा सहायता
6. रजत जयंती पुरस्कार प्रदान करना
7. माइलस्टोन पुरस्कार प्रदान करना
8. अधीनस्थ स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए लैप-टॉप प्रदान करने की नयी योजना
9. स्टाफ सदस्यों के प्रतिभाशाली बच्चों के लिए नकद प्रोत्साहन
10. वी-शक्ति, वी-सुबोधिनी, वी-प्रगति के अधीन बालिकाओं को छात्रवृत्ति प्रदान करना
11. विशेष रूप से महिला कर्मचारियों के लिए डायग्नोलस्टिक (निदानार्थ) परीक्षण की प्रतिपूर्ति
12. महिला कर्मचारियों के लिए 3 साल तक के बच्चों के लिए क्रेच भत्ते की प्रतिपूर्ति
13. बैंक की महिला अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए साडी / सलवार कमीज की खरीद हेतु व्यय की प्रतिपूर्ति

निवल लाभ के मूल निर्धारित निधि के 3% से अपनाई गई उपरोक्त कल्याण योजनाओं के अलावा, सेवानिवृत्ति सभी पू.का.स्वी//अं.का.स्वी के लिए भारतीय बैंक संघ की चिकित्सा बीमा योजना के प्रीमियम बैंक भर रहा है.

(xi) विजया बैंक स्टाफ कल्याण निधि न्यास

विजया बैंक स्टाफ कल्याण निधि न्यास 21.09.2002 से गठित किया गया है.

न्यास के अंतर्गत अपनाई कई विविध कल्याण योजनाएं निम्नानुसार हैं :

1. कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति देना
2. अस्पतालीकरण व्यय के दावे के शेष व्यय की प्रतिपूर्ति
3. चश्मे के व्यय की प्रतिपूर्ति
4. मृत कर्मचारी के आश्रितों को अंतिम संस्कार व्यय
5. अधिवर्षिता पर सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को नकद प्रोत्साहन राशि देना
6. मानसिक रूप से अक्षम /स्पास्टिक बच्चों के माता-पिता, जो हमारे कर्मचारी है, उनको सहायता/छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने हेतु योजना
7. दिव्यांग कर्मचारियों/उनके बच्चों को कृत्रिम अंग /श्रवण उपकरण/बैसाखी आदि उपलब्ध कराने हेतु योजना
8. स्टाफ सदस्यों के लिए शिमला, तिरुपति, जयपुर, गोवा, पुरी, दिल्लीर शिरडी तथा बेंगलूरू में हॉलिडे होम की सुविधा प्रदान की गई है
9. पीडब्ल्यूडी स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना
10. पीडब्ल्यूडी स्टाफ सदस्यों के स्कूल न जानेवाले दिव्यांग बच्चों के लिए वार्षिक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की योजना
11. पीडब्ल्यूडी स्टाफ सदस्यों को विवाह के समय वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की योजना.

बैंक, परिवार कल्याण योजना भी चला रहा है जिसके अधीन योजना के सदस्यों से एकत्रित राशि मृतक स्टाफ सदस्य के परिवार के सदस्यों (नामितियों) को वितरित की जाती है.

उपर्युक्त के अतिरिक्त, बैंक द्वारा पीडब्ल्यूडी स्टाफ सदस्यों के लिए कुछ कल्याणकारी योजनाएं अपनाई गई हैं :

1. नेत्रहीन कर्मचारियों के लिए सहायता जैसे स्मार्ट वाकिंग केन, टॉकिंग साफ्टवेयर, ब्रेल उपकरण आदि
2. नेत्रहीन कर्मचारी और दिव्यांग कर्मचारियों के लिए वाहन सुविधा (ले आना व छोडना) दी गई है.
3. नेत्रहीन (वीआई) कर्मचारियों के लिए ब्रेल घडियां प्रदान की गई हैं
4. बधिर कर्मचारियों (एच आई) को श्रवण उपकरण की सुविधा प्रदान की गई है.

(xii) आंतरिक शिकायत समिति

कार्यस्थान पर महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध, निवारण) अधिनियम, 2013 (आगे इसे अधिनियम कहा जाएगा) 09.12.2013 से लागू हो गया है.

यह अधिनियम, कार्यस्थान पर महिलाओं के यौन उत्पीडन के प्रति सुरक्षा उपलब्ध कराने तथा यौन उत्पीडन के मामलों से संबंधित शिकायतों के रोकथाम व निवारण तथा इस संबंधी या आनुषंगिक मामलों के लिए है.

उक्त अधिनियम की धारा 4 के अनुपालन के अनुरूप, बैंक द्वारा कार्यस्थान पर लिंग भेद तथा यौन उत्पीडन से संबंधित स्टाफ सदस्यों से प्राप्त शिकायतों को निपटाने हेतु प्रधान कार्यालय और क्षेत्रीय कार्यालय में आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) का गठन किया गया है.

प्रधान कार्यालय में गठित आंतरिक शिकायत समिति में निम्न सदस्य हैं:

1. श्रीमती मणिमेखलै, महा प्रबंधक – अध्यक्ष
2. श्रीमती मिनी टी एम–उप महा प्रबंधक – सचिव
3. श्री सेन्थिल नाथन–सहायक महा प्रबंधक – सदस्य
4. श्रीमती मिनी सी जी, वरिष्ठ प्रबंधक – संयोजक
5. श्रीमती रोशनी सी आर, वरिष्ठ प्रबंधक – सदस्य
6. श्रीमती गीता मेनन – एनजीओ – सदस्य

उक्त अधिनियम की धारा 22 में निर्धारित किया गया है कि नियोजक द्वारा इस अधिनियम के अधीन फाइल किए गए मामले, यदि हो और निपटाये गये मामलों की संख्या को अपनी वार्षिक रिपोर्ट में शामिल किया जाना है. केंद्र सरकार ने भी इस अधिनियम के तहत प्रदत्त अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए कार्यस्थान पर महिलाओं का यौन उत्पीडन (रोकथाम, निषेध, निवारण) नियम, 2013 तैयार की है. नियम 14 के अधीन नियोजक को वार्षिक रिपोर्ट की तैयारी करते समय निम्न सूचना शामिल की जानी है. तदनसुार, वर्ष अप्रैल 2017 से मार्च 2018 तक समिति द्वारा प्राप्त शिकायतों के विवरण नीचे दिर्शाया गया है :

क्र सं.	**वर्ष में प्राप्त की गई यौन उत्पीडन से संबंधित शिकायतों की संख्या**	**वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या**	**90 दिनों से अधिक अवधि के लिए लंबित मामलों की संख्या**	**यौन उत्पीडन के खिलाफ आयोजित किए गए जागरूकता कार्यक्रम या कार्यशाला की संख्या**	**नियोक्ता या जिला अधिकारी द्वारा ली गई कार्रवाई का प्रकार**
1	7	5	1 (अनुशासनिक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है)	2	7 मुकदमों के संबंध में लिए गए निर्णय का प्रकार: मामलों की संख्या – लिए गए निर्णय का प्रकार 3 मामले – यौन उत्पीडन के दायरे से बाहर है और तदनुसार निपटाया गया है 1 – प्रतिवादी का स्थानांतरण किया गया. 1 – मामला समझौते के द्वारा निपटाया गया. 1 – अनुशासनिक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है. 1 – शिकायत फरवरी 2018 में दर्ज की गई और आईसीसी द्वारा समीक्षा प्रक्रियाधीन है.



15. **सुरक्षा व्यवस्था**

बैंक सभी खतरों, उभरती चुनौतियों और विनियामक, सरकार और कानून प्रवर्तन अधिकारियों के दिशानिर्देशों के आधार पर, प्रभावी, कुशल, डररहित और प्रगतिशील रूप में सुरक्षा समाधान प्रदान करने के लिए सभी शाखाओं, कार्यालयों, करेंसी चेस्ट और एटीएम में सुरक्षा व्यवस्था की लगातार समीक्षा कर रहा है. निर्धारित नीतियों और आवश्यकताओं के अनुसार बैंक लगातार सुरक्षा और सुरक्षा प्रबंधन को विकसित करने और सुधारने के लिए प्रयास कर रहा है. वर्ष के दौरान सुरक्षा उपायों को मजबूत करने के लिए निम्नलिखित सक्रिय और निवारक उपायों की शुरुआत की गई :

- नई शाखाओं/चेस्टों को हाई रिसोलुशन आईपी कैमरा सहित डिजिटल सीसीटीवी सिस्टम दिए गए हैं
- सभी शाखाओं को वायर और वायरलेस डिटेक्टरों के साथ हाइब्रिड अलार्म सिस्टम प्रदान किए गए हैं
- सभी शाखाओं को बीबी क्लॉस सेफ और भारतीय रिजर्व बैंक के विनिर्देशन के अनुरूप स्ट्रांग रूम प्रदान किया गया है
- सुरक्षा की बिन्दु से कमजोर के रूप में वर्गीकृत शाखाओं को कार्य-समय के दौरान सशस्त्र सुरक्षा गार्ड प्रदान किए गए हैं
- बैंक के सभी एटीएम स्थानों में ओपेक्स आधार पर ई-निगरानी लागू है
- वास्तविक समय पर किसी भी संदिग्ध या विषम व्यवहार की सुरक्षा हेतु सुरक्षा प्राधिकारियों को अलर्ट रखने के लिए बैंक के वाईड एरिया नेटवर्क के लिए एटीएम साइट और शाखाओं की सीसीटीवी प्रणाली को ई-निगरानी से लिंक किया गया है
- आवधिक समीक्षा का आयोजन, सुरक्षा व्यवस्थाओं को और भी मजबूत बनाने हेतु सक्रिय उपायों को अपनाने के लिए और कमजोरियों का आकलन करने हेतु प्रका व क्षेत्रीय कार्यालय में सुरक्षा समिति का गठन किया गया है
- बैंक कानून प्रवर्तन एजेन्सियों के साथ निकट संपर्क बनाया रखता है और प्रचलित सुरक्षा जरूरतों को पूर्ण करने के लिए तैयार है

16. **ग्राहक सेवा**

(i) ग्राहक सेवा और शिकायतों का निपटान

उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्रदान करना बैंक को स्पष्ट रूप से अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने का एकमात्र प्रभावी तरीका है. इससे बैंकिंग सेवाओं को कुशलतापूर्वक प्रदान करने, लाभदायक व्यवसाय मॉडल विकसित करने और प्रौद्योगिकी को बेहतर ढंग से विकसित करने के लिए नवीनतम और लागत प्रभावी तंत्र तैयार करने की आवश्यकता होती है. उचित सेवा प्रदान करना और समीक्षा तंत्र के माध्यम से ग्राहक शिकायतों को कम करना बैंक का उद्देश्य है. ग्राहक शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु 'मानकीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण प्रणाली (एसपीजीआरएस) अपनाई गई है. ग्राहक, बैंक वेबसाइट के जरिए एसपीजीआरएस पोर्टल में अपनी शिकायतों को दर्ज कर सकते हैं तथा शिकायतों का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाता है. अन्य माद्यम जैसे पत्र, ई-मेल और दूरभाष द्वारा प्राप्तै शिकायतों को भी इस सामान्य प्लॉटफार्म में दर्ज कर सकते हैं. शिकायतों के समाधान हेतु सिस्टम इन शिकायतों को संबंधित शाखा/कार्यशील विभाग/कार्यालयों को प्रेषित करता है.

शाखा स्तरपर ग्राहक सेवा समिति गठित की जाती है ताकि शाखा स्तर पर ग्राहकों और बैंक के बीच संप्रेषण के औपचारिक चैनल को प्रोत्साहित किया जा सके. शाखा स्तर की ग्राहक सेवा समिति जिसमें वरिष्ठ नागरिकों और पेंशनदारों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के ग्राहक शामिल होकर महीने में एक बार मिलते हैं. विचारों / सुझावों को एकत्रित कर, ग्राहक सेवा पर स्थायी समिति के अध्यक्ष, अर्थात कार्यकारी निदेशक के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है. जिस समिति में गैर अधिकारी उनके स्वतंत्र प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र सदस्यों के रूप में शामिल हैं. समिति तिमाही में एक बार मिलती है तथा बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करती है.

प्रबंध निदेशक और सीईओ के नेतृत्ववाली मंडल की ग्राहक सेवा समिति में कार्यकारी निदेशक और मंडल के अन्य निदेशक तथा विशेषज्ञ और ग्राहकों के प्रतिनिधि आमंत्रितों के रूप में शामिल है, जो बैंक में कॉर्पोरेट प्रशासन संरचना और बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार लाने के लिए नीतियां तैयार करने और आंतरिक रूप से अनुपालन का मूल्यांकन करने में बैंक को सक्षम बानाएंगे. बैंक में प्रचलित प्रथाओं और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के लिए शिकायत के मूल कारण के विश्लेषण के साथ-साथ शिकायत का प्रकार और वर्गयुक्त त्रैमासिक समीक्षा नोट मंडल के सम्मुख प्रस्तुत किया गया है.

बैंक ने वित्त मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, नई दिल्ली के निर्देशों का अनुपालन किया है, जिनमें शिकायतों के निपटान की स्थिति की समीक्षा पर प्रगति संवाद के दौरान माननीय प्रधान मंत्री की टिप्पणियों से अवगत कराया था और



दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रबंध निदेशक और सीईओ द्वारा शिकायतों की साप्ताहिक समीक्षा करने की प्रणाली शुरु की गई, जिसके अनुसार समय सीमा के निर्धारण के मूल्यांकन तथा उत्तर की गुणवत्ता और की गई कार्रवाई का विवरण का आकलन किया जाता है और प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, नई दिल्ली को प्रस्तुत किया जाता है.

बैंक ने महा प्रबंधक के रैंक के प्रधान नोडल अधिकारी की नियुक्ति की है, जो पूरे बैंक में ग्राहक सेवा का कार्यान्वयन तथा शिकायत की निगरानी करने के लिए उत्तरदायी है. बैंक ने क्षेत्रीय प्रबंधकों को उनके नियंत्रणधीन आनेवाली शाखाओं से संबंधित शिकायतों की निगरानी करने हेतु नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया है.नोडल अधिकारी(यों) के नाम तथा संपर्क विवरण शाखा के नोटीस बोर्ड में प्रदर्शित किए जाते हैं.

भा.रि.बैं. के दिशानिर्देशों के अनुसार, बैंक ने ग्राहक की संतुष्टी के अनुसार समाधान नहीं की गई शिकायत तथा बैंक के आंतरिक शिकायत समाधान तंत्र में आंशिक रूप से निपटाई गई शिकायतों की जांच करने के लिए आंतरिक लोकपाल को नियुक्त किया है.

निम्नतलिखित पहलुओं पर हमारे स्टाफ सदस्यों को संवेदनशील बनाने के लिए हमारे स्टफ प्रशिक्षण महाविद्यालय द्वारा दिए जानेवाले सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम में ग्राहक सेवा पर एक सत्र अनिवार्य कर दिया है :

- जब ग्राहक बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करना चाहते हैं तब ग्राहक को आरामदायक वातावरण प्रदान करने के लिए
- ग्राहकों को बनाए रखने के लिए उनकी संतुष्टि हेतु गुणवत्तो की सेवा प्रदान करना
- ग्राहक की सेवा पर जोर देने के लिए 'ग्राहक सेवा, बैंक के कारोबार की जरूरत है और सामाजिक सेवा नहीं है' इस आदर्श के साथ बदलना है
- ग्राहकों के साथ अपना व्यवहार में सहानुभूति का महत्व के बारे में पहली पंक्ती के स्टाफ को प्रभावित करना

वर्ष के दौरान बैंक के ग्राहक संतुष्टि सूचकांक पर एक सर्वेक्षण आयोजित करने के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी को चुना गया था. एजेंसी ने बैंक के लिए उत्तमम ग्राहक सेवा हासिल करने के प्रति ग्राहक संतुष्टि तथा समग्र निष्पोदन को बेहतर ढंग से समझने, सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने और संभावित रूप से बैंक के लिए मानक स्थापित करने हेतु कर्मचारियों के सर्वेक्षण, दोनों के माध्यम से प्रत्येक नामोद्दिष्ट 849 शाखाओं का निष्पादन विश्लेषित किया है.

(ii) कॉल सेंटर

कॉल सेंटर ग्राहकों के लिए संपर्क का पहले स्तर के रूप में बैंक की छवि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है. यह बैंक द्वारा दिए जानेवाले सभी उत्पादों एवं सेवाओं के लिए एक मात्र उपाय के रूप में कार्य करता है. इसके अलावा यह एक निर्बाध सेवा की सुविधा प्रदान करता है और ग्राहकों की शिकायतों को दूर करता है. बैंक ने 3 विभिन्न व कॉल सेंटरों, जैसे तीन विभिन्न स्थानों पर कार्यरत सामान्य बैंकिंग, नेट बैंकिंग और कार्ड प्रभाग, को चौबीसों घंटे कार्यरत आउटसोर्स किया गया एक कॉल सेंटर में एकीकृत किए हैं. ग्राहकों / शाखाओं से प्राप्त कॉल को संभालने के अतिरिक्त, कॉल सेंटर के कार्यपालक वी-नेट बैंकिंग और कार्ड हॉटलिस्टिंग से संबंधित ईमेलों को संभालते हैं. बैंक में आवास ऋण तथा वाहन ऋण उधारकर्ताओं के विशेष उल्लेख खातों के बढ़ते स्तर पर नजर रखने के लिए का आउटबाउंड कॉल सेंटर भी है. यह प्रकिया बैंक के लिए बेहतर नियंत्रण, खुदरा ऋणों को अच्छी तरह से निगाह रखने के लिए और इन खातों को एनपीए संवर्ग में फिसलने से रोकता है. स्थापना के बाद से, बैंक के बढ़ रहे ग्राहक आधार के साथ तालमेल रखने के लिए कॉल सेंटर के कार्यपालकों की संख्या लगातार बढ़ा रहा है. बैंक द्वारा शुरू किए गए नए अभियानों और उत्पादों पर ग्राहक के प्रश्नों को अधिक कुशलतापूर्वक संभालने में मदद करने के लिए बैंक कॉल सेंटर कर्मचारियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण दे रहा है.

(iii) भारतीय बैंकिंग संहिता व मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई)

बीसीएसबीआई का सदस्य होने के नाते बीसीएसबीआई द्वारा तैयार की गयी स्वैच्छिक संहिता को बैंक ने अपनाया है अर्थात (i) 'ग्राहकों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संहिता 2014' (ii) 'सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता संहिता 2015' (संहिता). बैंक ने बीसीएसबीआई के मार्गनिर्देशानुसार कई नीतियों को भी तैयार किया है तथा उसका अनुपालन किया है. सभी शाखाओं को एक व्यापक सूचना बोर्ड प्रदान किया गया है जिसमें शाखा परिसर में प्रदर्शित होने वाली सभी अनिवार्य सूचनाएं शामिल हैं, जिससे बीसीएसबीआई के सूचना प्रसार संहिता का अनुपालन किया जा रहा है. संहिता के प्रावधानों को समाहित किए गए ग्राहक

सेवा पर एक सत्र को कर्मचारी सामान्य बैंकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल किया गया है ताकि सही मायने में संहिताओं का अनुपालन किया जा सके. बीसीएसबीआई ने जनवरी 2018 में 'ग्राहकों के लिए बैंक की वचनबद्धता संहिता' में संशोधन किया है और बैंक ने संशोधित दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए कई कदम उठाए हैं. ग्राहकों के सरल संदर्भ हेतु संहिताएं बैंक के कार्यालयीन वेबसाइट में उपलब्ध कराया गया है. ग्राहक हमारी किसी भी शाखा में इसका एक्सेस कर सकते हैं.

(iv) शाखा माहौल

बैंक की एक प्रमुख प्राथमिकता है ग्राहक की खुशी में सुधार. इसके लिए, बैंक ने ग्राहक सेवा, शाखा का माहौल तथा एटीएम की गुणवत्ता में सुधार लाया गया है ताकि हमारे परिसर में आने वाले ग्राहकों को सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रदान किया जा सके. शाखाएं अब अद्यतित नोटिस बोर्ड और उत्पाद विवरण के साथ साफ और स्वच्छ हैं. यह ग्राहकों को सुखद बैंकिंग अनुभव प्रदान करता है तथा हमारे परिसर की स्वच्छता तथा गुणवत्ता सेवा के मामले में बैंक की छवि बढ़ाने में मदद करता है. हमारी सभी शाखाएं तथा कार्यालय वातानुकूलित हैं जो ग्राहकों को सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ पेशेवर बैंकिंग माहौल प्रदान करती है. दिव्यांग ग्राहकों, वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा हेतु मेट्रो शाखाओं में रैंप उपलब्ध कराए गए हैं. शाखाओं में दिव्यांग महिला ग्राहकों को प्राथमिकता के आधार पर सेवा प्रदान की जाती है. बैंक, भा.रि.बैं. के मार्गनिर्देशानुसार वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग व्यक्तियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशिष्ट प्रावधानों के साथ सभी प्राथमिकता और सुविधाएं प्रदान कर रहा है.

17. सामाजिक मीडिया

सोशल मीडिया उद्योगों में वर्तमान प्रेरणा है और बैंकिंग उद्योग की उपस्थिति का हिस्सा है और भविष्य में बैंकिंग को स्थानांतरित करने की उम्मीद है और यह उद्योग को एक नए युग में ले जाएगा. सोशल मीडिया किसी भी उद्योग में महत्वपूर्ण लोगों तक पहुंचने के लिए एक सुविधाजनक, सुलभ और सरल मंच है, जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की लगभग सभी व्यक्तित्व शामिल हैं. तत्काल, उपयोगकर्ता उन लोगों से जुड़ सकते हैं जिन्हें वे सामान्य संप्रेषण में अन्य संप्रेषणों के माध्यम से नहीं पहुंच सकते हैं और उन संबंधों को स्थापित कर सकते हैं जो तत्काल संबंध शुरू कर सकते हैं और शामिल सभी पार्टियों को लाभ पहुंचा सकते हैं; कभी-कभी, ऑनलाइन उपयोगकर्ताओं द्वारा इसका दुरुपयोग किया जा सकता है. इसलिए, आवश्यक जांच की जानी चाहिए. आने वाले दिनों में सोशल मीडिया उद्योग में बड़ा अंतर डाल सकता है जो ग्राहकों और अन्य हितधारकों के दिमाग में एक बड़ा प्रभाव डाल सकता है. सोशल मीडिया की उपस्थिति में निवेश अगले दशक में भारी लाभ उठा सकता है और दौड़ में पहले मूवर्स को लाभ प्रदान करेगा.

बैंक ने दिनांक 29.06.2016 को फेसबुक, ट्विटर, लिंक्डइन, इंस्टाग्राम और यूट्यूब पर अपनी उपस्थिति की शुरुआत की. बैंक ने पिछले 20 महीनों से अपने अस्तित्व को सुदृढ किया है तथा बैंक ने अपने सोशल मीडिया पृष्ठों पर काफी प्रशंसकों का विश्वास कमाया. बैंक का फेसबुक ने राष्ट्रीयकृत बैंकों में तेज गति विकसित हुआ है 31 मार्च, 2018 को 4.2 लाख से ज्यादा पसंद पेज आकृष्ट किए हैं. सोशल मीडिया पर बैंक द्वारा आयोजित आपके बैंकिंग अधिकार जानें प्रतियोगिता ने वर्ष 2017 के दौरान बीएफएसआई द्वारा शीर्ष 5 सामाजिक अभियानों में दूसरा स्थान प्राप्त किया है.

बैंक ने सोशल मीडिया के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं शुरु की हैं और बैंक के ग्राहक अब ट्विटर तथा फेसबुक के माध्यम से ग्राहक पंजीकरण, खाता शेष, मिनी स्टेटमेंट, निधि अंतरण और बिल भुगतान जैसी सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं. ट्विटर बैंकिंग अधिक लोकप्रिय है.

बैंक ने सोशल मीडिया की उपस्थिति में तथा अपने सभी सोशल मीडिया चैनलों पर जागरूकता में काफी प्रभाव डाला है सोशल मीडिया के स्थातन में, अपने प्रवेश के आरंभ से, उल्लेखनीय वृद्धि की है.

18. सरकारी कारोबार, डीपी सेवा तथा बीमा

विजया बैंक समय-समय पर भारत सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं को कार्यान्वित करने में अग्रणी रहा है. प्रौद्योगिकी के कुशल और प्रभावी उपयोग के माध्यम से, हम अपनी शाखाओं में अपने सम्मानित ग्राहकों को बाधाओं से मुक्त अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से सरकारी योजनाओं को लागू कर रहे हैं. हमारे बैंक द्वारा कार्यान्वित की गयी कुछ योजनाएं निम्नानुसार हैं :

(i) प्रत्यक्ष कर तथा अप्रत्यक्ष कर वसूली : केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, नई दिल्ली ने हमारे बैंक को इंटरनेट बैंकिंग द्वारा हमारे ग्राहकों को उपलब्ध 'ई-पेमेंट' सुविधा द्वारा ऑफ़लाइन मोड (नामित शाखाओं द्वारा प्रेषण) या ऑनलाइन मोड द्वारा प्रत्यक्ष कर वसूल करने की अनुमति प्रदान की है. हमने 276 शाखाओं को ऑफ़लाइन मोड के माध्यम से प्रत्यक्ष कर वसूलने हेतु प्राधिकृत किया है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, हमारे बैंक ने कुल 4.93 लाख प्रत्यक्ष कर लेनदेन संसाधित किए हैं.

हमारे ग्राहक, अपनी वी-नेट बैंकिंग सुविधा द्वारा केंद्रीय

उत्पाद शुल्क जैसे अप्रत्यक्ष कर भी अदा कर सकते हैं. हम दिनांक 01.07.2017 से, ओटीसी मोड (काउंटर पर), इलेक्ट्रॉनिक मोड (विजया बैंक ग्राहक वी-नेट बैंकिंग के माध्यम से विप्रेषण कर सकता है) तथा आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से सामान और सेवा कर (जीएसटी) वसूल कर रहे हैं. देश भर में हमारी सभी शाखाएं ग्राहकों से जीएसटी चालान वसूल करने के लिए प्राधिकृत हैं. दिनांक 01.07.2017 से हमने ₹3419,77,92,266 राशि के 2,40,212 जीएसटी चालानों को सफलतापूर्वक संसाधित किया है.

(ii) **पेंशन का केंद्रीकृत भुगतान :** केन्द्रीय सरकारी पेंशनरों की पेंशन के केंद्रीकृत भुगतान के लिए प्रधान कार्यालय में एक समर्पित केन्द्रीकृत पेंशन प्रसंस्करण केंद्र (सीपीपीसी) कार्यरत है. केन्द्रीय सिविल, दूरसंचार, डाक, रक्षा, रेलवे, न्यायाधीशों और स्वतंत्रता सेनानियों के पेंशन जैसे सभी प्रकार की पेंशन को प्रधान कार्यालय के सीपीपीसी कक्ष द्वारा केंद्रीकृत भुगतान किया जाता है. सभी शाखाएं कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, केरल, तमिलनाडु राज्यों और चार मेट्रो शहरों में केंद्रीय नागरिक, रक्षा, दूरसंचार, डाक पेंशन संवितरित करने के लिए प्राधिकृत हैं.

(iii) **अटल पेंशन योजना (एपीवाई) :** हमारा बैंक अटल पेंशन योजना, जो भारत सरकार द्वारा शुरू की गई महान दृष्टिकोण युक्त अच्छी तरह से परिभाषित पेंशन प्रदान करने की योजना, विशेष रूप से गरीब तथा वंचित लोगों के लिए, कार्यान्वित करने में एक सच्चा चैंपियन रहा है. हमारे पास एपीवाई खातों को खोलने के लिए 1603 नामित शाखाएं हैं. हमारे बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान 1,15,510 एपीवाई खातों को खोला है और पीएफआरडीए द्वारा शुरू किए गए सभी एपीवाई अभियानों में शीर्ष बैंकों में से एक है.

(iv) **सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) :** हमारे बैंक में यह योजना 2006 में शुरू की गई. बैंक की 887 शाखाओं को लोक भविष्य निधि खातों को खोलने के लिए प्राधिकृत किया गया है. बैंक ने वित्तीय वर्ष 2017-18 में 88,639 खाते खोले हैं.

(v) **सुकन्या समृद्धि योजना :** बैंक की 887 शाखाएं सुकन्या समृद्धि योजना को संभालने के लिए प्राधिकृत हैं. वित्तीय वर्ष 2017-18 में बैंक ने 3508 खाते खोले हैं.

(vi) **वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) :** यह योजना हमारी चुनिंदा शाखाओं के माध्यम से प्रदान की जाती है. वित्तीय वर्ष 2017-18 में बैंक ने 1684 खाते खोले हैं.

(vii) **सावरिन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) :** बैंक की सभी शाखाएं इस योजना के तहत आवेदन स्वीकार करने के लिए नामोद्दिष्टि हैं. वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए हमारी शाखाओं में कुल 1,16,361 ग्राम सोने के बांड बेचे गए हैं.

निक्षेपागार सेवांए एवं एएसबीए

(i) **निक्षेपागार भागीदार खाता तथा ऑनलाइन ट्रेडिंग**

विजया बैंक राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेपागार लिमिटेड के साथ निक्षेपागार भागीदारी (डीपी) है.

हमारा बैंक निम्नगलिखित निक्षेपागार सेवाएं प्रदान करता है :

- खाता खोलना
- प्रतिभूतियों का अमूर्तीकरण (शेयर, डिबेंचर, म्यूचुअल फंड, आदि)
- एनएसडीएल तथा सीडीएसएल के साथ जुडे स्टॉक विनिमयों में व्यापार का इलेक्ट्रॉनिक निपटान
- बैंक ऋण के प्रति अमूर्त प्रतिभूति की गिरवी/दृष्टिबंधक
- सार्वजनिक निर्गम में आबंटित प्रतिभूतियों की इलेक्ट्रॉनिक जमा
- जब कभी आवश्यक हो खातों का रोक लगाना ताकि खाते से नामे की अनुमति न हो
- अमूर्त खातों के लिए नामांकन सुविधा
- पते में परिवर्तन, बैंक खाता विवरण, आदि से संबंधित सेवाएं
- प्रतिभूतियों का प्रेषण करना
- एनएसडीएल आईडीईएएस सुविधा

बैंक ऑनलाइन ट्रेडिंग सुविधा प्रदान करने के लिए आईडीबीआई कैपिटल के साथ टाइ-अप किया है.

(ii) अवरुद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन (एएसबीए) : बैंक एससीएसबी की सूची में शामिल है यह 01.02.2009 से प्रभावी है. अवरूद्ध राशि द्वारा समर्थित आवेदन (एएसबीए) के लिए डीपी कक्ष नियंत्रण शाखा है और सभी शाखाओं को एएसबीए का आवेदन स्वीकार करने हेतु पदनामित किया गया है.

बीमा

जीवन बीमा कारोबार : ग्राहकों की जीवन बीमा आवश्यकताओं के लिए बैंक ने भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ कॉर्पोरेट एजेंसी करार व्यवस्था की है.

सामान्य बीमा कारोबार : ग्राहकों की गैर-जीवन बीमा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बैंक ने यूनाइटेड इंडिया इंश्यूरेंस कंपनी लि. के साथ कार्पोरेट एजेन्सी करार किया है.

सरकारी सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना :

बैंक ने पात्र सभी खाता धारकों के लिए लिए प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के अंतर्गत बीमा कवर प्रदान करने के लिए मेसर्स भारतीय स्टेट बैंक जीवन बीमा कंपनी लिमिटेड के साथ तथा प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के अंतर्गत बीमा कवर प्रदान करने के लिए मेसर्स युनाईटेड इंडिया बीमा कंपनी लिमिटेड के साथ करार किया है.

यथा 31.03.2018 को, बैंक ने पीएमजेजेबीवाई तथा पीएमएसबीवाई के अधीन निम्नलिखित नामांकन किया है :

योजना	नामांकन की संख्या
पीएमजेजेबीवाई	4,35,502
पीएमएसबीवाई	15,89,033

19. विपणन एवं प्रचार

(i) विपणन

बैंक के प्र.का. में स्थित विपणन कक्ष देशभर में विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/ आरएसीपीसी व एमएसएमई कक्ष में कार्यरत सभी विपणन अधिकारियों की सक्रिय प्रतिभागिता से बैंक के विभिन्न उत्पादों के प्रचार व विपणन में सक्रिय रूप से कार्यरत है.

(ii) प्रचार तथा जनसंपर्क

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक व उसके उत्पादों की दृश्यता को संपूर्ण देश में बढाने हेतु अंग्रेजी, हिन्दी व क्षेत्रीय भाषाओं में प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया में बैंक ने कई प्रमुख विज्ञापन अभियान आयोजित किए. 2017-18 के दौरान इस वर्ष बाह्य विज्ञापन मीडिया जैसे हवाई अड्डे, काचिगुडा एक्सेप्रेस पर ट्रेन ब्रांडिंग, एम जी रोड, बेंगलूरू में मेट्रो पिलर्स पर विज्ञापन आदि के जरिए प्रमुख प्रचार अभियान किए गए. मेट्रो शहरों में बाह्य विज्ञापन होर्डिंग लगाए गए, रेल्वे स्टेशन/बस स्टेशन में ग्लो साइन/साइन बोर्ड विज्ञापन के जरिए प्रचार किया गया.

20. राजभाषा कार्यान्वयन

राष्ट्रीयकरण से बैंक भारत सरकार की राजभाषा नीति को सही भावना से कार्यान्वयन कर रहा है. स्टाफ सदस्यों के प्रयास से बैंक ने यथा 31.03.2018 को हिन्दी पत्राचार में 'क' क्षेत्र में 100% लक्ष्य के प्रति 94.05%, 'ख' क्षेत्र में 90% लक्ष्य के प्रति 93.56% तथा 'ग' क्षेत्र में 55% लक्ष्य के प्रति 71.20% हासिल किया है.

बैंक को भारत सरकार के राजभाषा कीर्ति पुरस्कार के अंतर्गत राजभाषा हिन्दी के सर्वश्रेष्ठ निष्पादन हेतु 'ग' क्षेत्र के तहत पुरस्कृ त किया गया है. दि. 14.09.2017 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में भारत के माननीय राष्ट्रपति द्वारा हमारे प्रबंध निदेशक एवं सीईओ को शील्ड व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया.

हमारे बैंक के प्रधान कार्यालय के संयोजनाधीन चलायी जानेवाली नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), बेंगलूरू को राजभाषा कार्यान्वयन हेतु गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के नराकासों की श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया. इसी प्रकार बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, बेंगलूरू (दक्षिण) को क्षेत्रीय कार्यालयों की श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है. पुरस्कार व शील्ड वितरण विशाखापट्टनम में आयोजित दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के सचिव (राजभाषा) द्वारा प्रदान किया गया.

बैंक के विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाएं, राजभाषा के सर्वश्रेष्ठ निष्पादन हेतु विभिन्न नराकास के द्वारा 16 पुरसकरों को प्राप्त, किए हैं, जिसमें बेंगलूरू (दक्षिण), हासन, लुधियाना,मंगलूर, मेरठ, पुणे क्षेत्रीय कार्यालयों ने प्रथम पुरस्कार हासिल किया है.

संसदीय राजभाषा समिति की आलेख एवं साक्ष्य उप-समिति ने हमारी नोएडा शाखा तथा क्षेत्रीय कार्यालय-हैदराबाद के साथ विचार-विमर्श कार्यक्रम आयोजित किया.

बैंक ने हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में एसएमएस भेजना शुरू कर दिया.

बैंक ने जयपुर में अखिल भारतीय अंतर बैंक हिंदी सेमिनार का भी आयोजन किया, जिसमें राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार तथा विभिन्न बैंकों/वित्तीय संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया.

वर्ष के दौरान, बैंक ने हिंदी दिवस 2017 के दौरान अखिल भारतीय अंतर बैंक हिंदी सेमिनार में प्राप्त श्रेष्ठ आलेखों को 'डिजिटल बैंकिंग' पुस्तक के रूप में प्रकाशित किए.

'वी-जेनयूथ' के बैनर के अधीन सभी 32 क्षेत्रीय कार्यालयों तथा प्रधान कार्यालय ने हिंदी में प्रतियोगिताएं आयोजित की जैसे निबंध लेखन, भाषण, चित्रलेखन, कहानी बताने, रचनात्मक लेखन आदि. क्षेत्रीय कार्यालय/शाखाओं ने डिजिटल बैंकिंग तथा अटल पेंशन योजना को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान आयोजित किए. वर्ष के दौरान, कार्यपालक/अधिकारी/लिपिकीय स्टाफ सदस्यों के लिए 129 हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया, जिसमें 2580



स्टाफ सदस्यों को प्रशिक्षित किया गया. इन कार्यशालओं में यूनिकोड का उपयोग के महत्व पर जोर दिया गया.

सभी 32 क्षेत्रीय कार्यालयों से अपने संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में हिंदी में सेमिनार / विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की. प्रधान कार्यालय ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), बेंगलूरू के तत्वावधान में दिनांक 31.05.2017 को 'वस्तु एवं सेवा कर - एक ऐतिहासिक परिवर्तन तथा बैंकों के विलियन का वित्तीय क्षेत्र में प्रभाव 'विषय पर हिन्दी में सेमिनार आयोजित किया. सेमिनार में बेंगलूरू स्थित विभिन् बैंकों के राजभाषा अधिकारी / सामान्य अधिकारी उपस्थित थे.

वर्ष 2016-17 के लिए प्रभावी राजभाषा कार्यान्वयन हेतु आंतरिक राजभाषा शील्डर योजना के अंतर्गत प्रधान कार्यालय विभाग वर्ग के तहत कार्मिक विभाग को प्रथम पुरस्कार, योजना व विकास विभाग को द्वितीय पुरस्कार और ऋण विभाग (समीक्षा एवं वसूली) को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. सर्वोत्तम क्षेत्र वर्ग के अंतर्गत दिल्ली क्षेत्र को प्रथम पुरस्कार, नागपुर क्षेत्र को द्वितीय पुरस्कार तथा चंडीगढ क्षेत्र को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया.

21. कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व

(i) विजया बैंक – एक जिम्मेदार कार्पोरेट नागरिक

बैंक में कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व नीति भी है जिसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों का न्यायसंगत विकास, बुनियादी ढांचे का निर्माण, रोजगार के अवसर पैदा करना, पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ सामाजिक-आर्थिक विकास है. मंडल ने वर्ष 2017-18 के लिए स्थायी सामाजिक प्रभावयुक्त क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित सीएसआर रोडमैप अनुमोदित किया है. हमारे प्राथमिक लक्ष्य बालिका शिक्षा, ग्रामीण स्वास्थ्य, स्कूलों में स्वच्छता सुविधा, सुरक्षित पेयजल सुविधा तथा वृद्ध, बीमार, दिव्यांग, परित्यक्त, अनाथ व असहायों के लिए स्कूलों, अस्पताल, वृद्धाश्रम, अनाथालय, विशेष स्कूलों, आदि को बुनियादी सहायता तथा आवश्यकताओं की पूर्ति करना है.

बैंक ने अपनी सीएसआर योजनाएं बनायी हैं जो गरीबों और जरूरतमंदों के जीवन स्तर पर दीर्घकालिक परिवर्तनकारी प्रभाव डाल रही हैं. हमारी सीएसआर गतिविधियों के प्रमुख लक्षित क्षेत्र हैं :

(ii) बालिका को गोद लेना

बैंक की एक महत्वपूर्ण योजना है - समाज के वंचित वर्ग की बालिकाओं की शिक्षा को बढावा देना. बैंक द्वारा गोद ली गयी बालिका को उसकी स्नातकोत्तर स्तर के अध्ययन पूर्ण होने तक वित्तीय सहायता दी जाती है. यह बालिका की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है तथा यह उसे अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास कराने के लिए एक समान अवसर प्रदान करता है तथा उसे वित्तीय बाधाओं के कारण शिक्षा के अधिकार से वंचित नहीं होना पड़ता है. बैंक उसकी शिक्षा से जुड़े खर्चों जैसे किताबें, जूते, यूनिफॉर्म, आदि के लिए बालिका को वार्षिक खर्च प्रदान करता है. वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक ने 148 बालिका को गोद लिए हैं, गोद ली गई बालिकाओं की कुल संख्यां 1311 हो गई है.

(iii) ग्रामीण स्वास्थय केंद्र

सुदूर, पिछड़े क्षेत्र में गरीब ग्रामीणों के लिए मूल स्वास्थ सेवा पहुंचाने के लिए बैंक ने विजया ग्रामीन स्वास्थय केंद्र (आरएचसी) की स्थापना की है. इन आरएचसी पर डाक्टर की नियुक्ति द्वारा निवारक स्वास्थ्य रक्षा प्रदान करता है तथा मरीजों को मुफ्त दवा की आपूर्ति भी करायी गयी है. बैंक ने वर्ष 2017-18 के दौरान में 13 ग्रामीण स्वास्थ केंद्र खोले हैं, जो वर्तमान के 45 को मिलाकर विजया ग्रामीण स्वास्थ केंद्रों की संख्या यथा दिनांक 31.03.2018 को 58 हो गई है.

(iv) शौचालय ब्लॉक का निर्माण तथा उनका अनुरक्षण

बैंक ने पिछडे क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में अनुकूल शिक्षा माहौल तथा विशेषकर बालिकाओं में बीच में जल्दी स्कूल छोडने की दर कम करना सुनिश्चित करने के लिए लड़कियों और लड़कों के लिए अलग शौचालय ब्लॉक बनाए हैं. बैंक ने अब तक 66 स्कूलों/संगठनों को शौचालय ब्लॉक के निर्माण की दिशा में दिया है. बैंक उनके अनुरक्षण तथा सफाई सुनिश्चित करने के लिए मासिक तौर पर भी भुगतान करता है.

(v) वाहनों का दान

बैंक ने वाहनों - वैन, एंबुलेंस तथा बस, आदि गैर लाभ वाले धर्मार्थ संगठन, न्यास, अनाथालय तथा स्कूलों, आदि, जो कि अनाथ, वृद्ध, दिव्यांग, बीमार, बेसहारा, परित्यक्त और असहाय व्यक्तियों की सेवा करते हैं, का दान किया है. प्रसिद्ध तीर्थयात्रा के तीर्थयात्रियों को परिवहन सुविधा में आराम प्रदान करने के लिए बस का दान किया गया है. बैंक द्वारा चिकित्सा आपात स्थिति में तथा बेसहारों को बचाने हेतु अनाथालय और धर्मार्थ न्यास को एंबुलेंस तथा वाहन दान किय गए हैं.



(vi) चिकित्सा मूलभूत सुविधा बनाने के संबंध में दान

बैंक ने स्थाई मूलभूत सुविधा जैसे धर्मार्थ अस्पताल के अल्जाइमर और डिमेंशिया रोगियों के लिए वार्ड/रोगी कक्षा का निर्माण के लिए दान किया है. प्रसिद्ध रक्त बैंक को बीमार और जरूरतमंद लोगों के कल्याणार्थ चिकित्सा उपकरणों तथा वाहन की खरीद के प्रति भी दान किया है. इसके अलावा, अस्पसतालों को कैंसर रोगियों की सहायता के लिए बिस्तरों की खरीद आदि के लिए दान किए गए हैं.

(vii) सुरक्षित पेयजल की सुविधा

बैंक द्वारा स्वास्थ्य संस्थान सह अस्पताल के रोगियों तथा सामान्य जनता के कल्याणार्थ जल शोधन इकाइयों का दान किया गया. देशभर के स्कूलों, कॉलेजों, अनाथालयों, अस्पतालों, धर्मार्थ संगठनों, सार्वजनिक स्थानों आदि के बच्चों, छात्रों, बूढे, गरीब और जरूरतमंद लोगों के लाभार्थ सुरक्षित पेयजल की सुविधा प्रदान करने के लिए वाटर प्यू.रिफायर्स, वाटर फिल्टीर्स, जल भंडारण टैंक, आरओ वाटर यूनिट, आदि के दान किए गए.

(viii) स्कूलों/कॉलेजों को मूलभूत सुविधा

दिव्यांग, आदि के स्कूलों / विशेष स्कूलों को विद्यालयों मूलभूत मदें जैसे फर्नीचर, कंप्यूटर, एलसीडी प्रोजेक्टर, वाटर फ़िल्टर, आदि के दान के अलावा बैंक ने वंचित लोगों के कल्याणार्थ स्कूल की स्थापना के लिए धर्मार्थ ट्रस्ट को दान मंजूर किया है.

(ix) वृद्धाश्रम, अनाथालय, विशेष स्कूलों, धर्मार्थ संस्थाओं, आदि को आवश्यक सामग्री की आपूर्ति

बैंक ने देशभर के वृद्धाश्रम, अनाथालयों, दिव्यांग के लिए विशेष विद्यालय, धर्मार्थ संस्थाओं, आदि को आवश्यक और मूलभूत सुविधाओं जैसे फर्नीचर, कंप्यूटर, ब्रेल सुविधायुक्त कंप्यू्टर, फ्रिज, सौर वाटर हीटर, इलेक्ट्रिकल उपकरण, आदि का दान किया है. बैंक ने गरीब तथा जरूरतमंद की मदद के लिए धर्मार्थ संस्थाओं को खाद्य सामग्री जैसे चावल, आदि ; न्यास के लिए खाद्यान्न खर्चों के प्रति, अनाथालय के सदस्यों के यूनिफार्म के लिए पोशाक सामग्री, आदि के लिए दान किया है. वंचित महिलाओं को आजीविका सृजित करने तथा उन्हें शिक्षित बनाने की ओर स्वचालित अगरबत्ती बनाने के मशीन भी दान किया गया.

(x) पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हरित पहल की शुरूआत

पर्यावरण के संरक्षण के महत्व को पहचानते हुए सीएसआर रोडमैप में हरित पहल एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है. बैंक द्वारा हरित पहल के तहत, वृक्षारोपण गतिविधियां, पेड़ गार्ड की स्थापना और सार्वजनिक बगीचों के अनुरक्षण हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने तथा अन्य पर्यावरणीय पहल की शुरुआत की गयी. इसके अलावा, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कचरे संग्रहण के लिए हॉपर टिपर वाहन तथा सड़क रखरखाव के लिए स्वच्छ भारत मिशन के प्रति अंशदान जैसे प्रमुख दान बैंक द्वारा किए गए.

22. संसदीय समिति की बैठकें

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान संसदीय समिति के दौरे से संबंधित विवरण :

- 31 मई, 2017 को गोवा में 'अ.जा, अ.ज.जा, ओबीसी, अल्पसंख्यक और अलग-अलग विकलांग व्यक्तियों के लिए प्राथमिकता क्षेत्र ऋण' पर सामाजिक न्याय और सशक्तिकरण पर स्थायी समिति का अध्ययन दौरा.
- 2022 तक सभी के लिए आवास प्रबंध - प्रधान मंत्री आवास योजना (पीएमएवाई - शहरी) आवास के लिए शहरी विकास पर संसदीय स्थायी समिति का अध्ययन दौरा और दीनदयाल अंत्योदय योजना (दिवस) - राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (एनयूएलएम), बेंगलुरु को 06 जून, 2017
- 08 सितंबर, 2017 को नई दिल्ली में आयोजित अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के कल्याण पर संसदीय समिति
- 04 से 09 नवंबर, 2017 तक बेंगलुरू, विशाखापत्तनम और मुंबई को भारतीय रिजर्व बैंक मास्टर दिशा - प्राथमिकता क्षेत्र ऋण पर अधीनस्थ विधानसभा पर समिति की अध्ययन यात्रा

23. पुरस्कार और उपाधि

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान वित्तीय तथा अन्य पहल में बैंक के उत्कृष्ट निष्पादन को पहचानते हुए बैंक को कई पुरस्कार और उपाधि प्रदान किए गए.

- भारत के राष्ट्रपति से प्राप्त राजभाषा कीर्ति पुरस्कांर
- अटल पेंशन योजना हमारे प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री आर ए शंकर नारायणन के तहत मेकर्स ऑफ एक्सालेंस के लिए पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) पुरस्कार
- 'ट्रांसफार्मेटिव लीडर' के लिए पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) पुरस्कार - हमारे

कार्यकारी निदेशक श्री नागेश्वर राव वाई को प्रदत्त

- माननीय वित्त राज्य मंत्री श्री प्रताप शुक्ला द्वारा प्रदत्त कृषि बैंकिंग के लिए एसोचैम सोशियल बैंकिंग एक्सलेंस एवार्ड 2017 के प्रथम पुरस्कार विजेता
- माननीय वित्तु राज्य मंत्री श्री प्रताप शुक्ला द्वारा प्रदत्त प्राथमिकता क्षेत्र उधार के लिए एसोचैम सोशियल बैंकिंग एक्सलेंस एवार्ड 2017 के प्रथम पुरस्कार विजेता
- भारतीय बैंक संघ ने मध्यम श्रेणी के बैंकों में हमारे बैंक को 'टेक्नॉलजी बैंक ऑफ द ईयर एवार्ड 2017' प्रदान किया
- आईडीबीआरटी ने वित्तीय वर्ष 2017 के लिए मध्यम श्रेणी के बैंकों में हमारे बैंक वित्तीय समावेशन में तकनीकी के प्रयोग के लिए तथा 'डिजिटल बैंकिंग एमंग मिड साइज बैंक्स' से पुरस्कृत किया
- श्रीमती निर्मला श्रीधर, महा प्रबंधक, विजया बैंक द्वारा प्राप्त 'वुमन एक्सीलेंस-2017' के लिए आईपीई (सार्वजनिक उद्यम संस्थायन) एवार्ड
- बैंक ने दक्षिणी क्षेत्र में राजभाषा शील्ड के अधीन दूसरा पुरस्कार प्राप्त किया है
- बैंक की वीआईबीएसईटीआई ने दिनांक 07.06.2017 को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वितरित उच्चतम ग्रेडिंग (एए) प्राप्त किया
- पीएमएवाई योजना के अधीन अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए एचयूडीसीओ द्वारा पुरस्कार
- श्रेष्ठ कार्पोरेट सामाजिक दायित्व पद्धति के लिए वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा ईटी एनओबल्यू सीएसआर लीडरशिप एवार्ड

स्कॉच फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी एवार्ड 2017

- सार्वजनिक क्षेत्र में श्रेष्ठ बैंक
- बैंकर ऑफ द इयर, डॉ.किशोर सांसी, भूतपूर्व प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, विजया बैंक
- बैंकर ऑफ द इयर (एनपीए प्रबंधन के लिए) – श्री बी.एस.रामा राव, बैंक के भूतपूर्व कार्यकारी निदेशक
- एनपीए प्रबंधन में श्रेष्ठ बैंक
- प्रधान मंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के अधीन निष्पादन के लिए गोल्ड एवार्ड
- खुदरा ऋण में श्रेष्ठ बैंक
- इंक्लूउसिव वैलेट – वीपेक्विक के लिए पुरस्कार
- डिजिटल समावेशन के लिए पुरस्कार
- आईटी सुरक्षा के लिए पुरस्कार
- एटीएम तथा शाखाओं की ई-निगरानी के लिए पुरस्कार
- 100 डिजिटल ग्राम – वित्तीय समावेशन के लिए पुरस्कार

24. मंडल की बैठकें व मंडल की अन्य उप-समितियों की बैठकें

वर्ष 2017-18 के दौरान, निदेशक मंडल की 17 बैठकें हुईं. समिति की बैठकों के विवरण निम्नानुसार है :

मंडल की समिति का नाम	**बैठकों की सं.**
प्रबंध समिति	14
लेखा समिति	7
हितधारक संबंध समिति	4
शेयर अंतरण समिति	4
जोखिम प्रबंधन समिति	6
अधिक मूल्य की धोखाधडियों की समीक्षा समिति	2
प्रधान कार्यालय स्तर की ऋण अनुमोदन समिति	22
निदेशकों की पदोन्नति समिति	1
अनुशासनिक मामलों एवं विश्वसनीयता पर समीक्षा समिति	4
ग्राहक सेवा समिति	4
पारिश्रमिकसमिति	1
नामांकन समिति	2
सूचना प्रौद्योगिकी रणनीति समिति	5
वसूली की निगरानी हेतु समिति	7
कार्पोरेट सामाजिक दायित्व समिति	4
इरादतन चूककर्ताओं की समीक्षा समिति	3
मानव संसाधन समिति	4
डिजिटल लेनदेन की समिति	1

निदेशक मंडल में परिवर्तन

वर्ष 2017-18 के दौरान निदेशक मंडल में निम्नांकित निदेशकों ने कार्यग्रहण किया है :

1. श्री आर ए शंकर नारायणन दिनांक 01.09.2017 से प्रभावी प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के रूप में नियुक्त हुए.
2. श्री मुरली रामस्वामी दिनांक 19.02.2018 से प्रभावी कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्त हुए.
3. श्री श्रीनिवास राव दिनांक 28.09.2017 से प्रभावी सरकारी नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त हुए.
4. श्री राजन डोग्रा दिनांक 08.08.2017 से प्रभावी शेयरधारक निदेशक के रूप में नियुक्त हुए.
5. श्री राघवेंदर गुप्ता दिनांक 08.08.2017 से प्रभावी शेयरधारक निदेशक के रूप में नियुक्त हुए.
6. श्री विवेक सोनी दिनांक 27.12.2017 से प्रभावी सीए संवर्ग के अधीन गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में नियुक्तन हुए.

वर्ष 2017-18 के दौरान, निम्नांकित निदेशक , बैंक के मंडल में निदेशक नहीं रहे :

1. श्री किशोर सांसी ने दिनांक 31.08.2017 को प्रबंध निदेशक एवं सीईओ के रूप में कार्यालय छोडा.
2. श्रीमती भारती राव ने दिनांक 07.08.2017 को शेयरधारक निदेशक के रूप में कार्यालय छोडा.
3. श्री पी वैद्यनाथन ने दिनांक 07.08.2017 को शेयरधारक निदेशक के रूप में कार्यालय छोडा.
4. श्री संजय कुमार ने दिनांक 27.09.2017 को सरकारी नामिती निदेशक के रूप में कार्यालय छोडा.
5. श्री बी.एस.रामा राव ने दिनांक 31.01.2018 को कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यालय छोडा.

यथा दिनांक को बैंक के निदेशक मंडल में निम्नांकित निदेशक हैं :

क्रम सं.	**निदेशक का नाम**	**पदनाम**
1.	श्री जी नारायणन	गैर-कार्यकारी अध्यक्ष एवं गैर-अधिकारी निदेशक
2.	श्री आर ए शंकर नारायणन	प्रबंध निदेशक एवं सीईओ
3.	श्री नागेश्वर राव वाई	कार्यकारी निदेशक
4.	श्री मुरली रामस्वामी	कार्यकारी निदेशक
5.	श्री एन श्रीनिवास राव	सरकारी नामिती
6.	श्री जी पी बोरा	भा.रि.बैं. नामिती
7.	श्री विवेक सोनी	गैर-अधिकारी निदेशक (सीए संवर्ग)
8.	श्री एम. भगवंत राव	गैर-अधिकारी निदेशक
9.	श्री वी वी आर शास्त्री	गैर-अधिकारी निदेशक
10.	श्री एस रघुनाथ	गैर-अधिकारी निदेशक
11.	श्री राजन डोग्रा	नामिती-शेयरधारक
12.	श्री राघवेंदर गुप्ता	नामिती-शेयरधारक

आभार

निदेशक मंडल संगठनात्मक विकास और उत्कृष्टता के प्रति ग्राहकों से प्राप्त संरक्षण, शेयरधारकों का सहयोग, सरकारी प्राधिकारियों और भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त अमूल्य मार्गदर्शन और सहयोग, समीक्षाधीन वर्ष के दौरान अपने कार्यकाल को समाप्त किए निदेशकों को और सभी स्टाफ सदस्यों को अपने पूरे सहयोग के लिए अपनी कृतज्ञता प्रकट करता है.

निदेशक मंडल के लिए और उनकी ओर से,

प्रधान कार्यालय, बेंगलूरू **आर ए शंकर नारायणन**

दिनांक : 08.05.2018 **प्रबंध निदेशक एवं सीईओ**



व्यापार जिम्मेदारी रिपोर्ट

खंड क : कंपनी के बारे में सामान्य सूचना

1	कंपनी की कंपनी पहचान संख्या (सीआईएन)	लागू नहीं
2	कंपनी का नाम	विजया बैंक
3	पंजीकृत पता	41/2, एम.जी. रोड, प्रधान कार्यालय बेंगलूरू - 560001
4	वेबसाइट	www.vijayabank.com
5	ई-मेल आईडी	planningdev@vijayabank.co.in
6	रिपोर्ट किया गया वित्तीय वर्ष	2017-18
7	क्षेत्र, जिसमें कंपनी संलग्न है (कूटवार औद्योगिक गतिविधि)	बैंकिंग व वित्त
8	तीन मुख्य उत्पादों/सेवाओं की सूची जो कंपनी तैयार करती है/उपलब्ध कराती है. (तुलन पत्र के अनुसार)	1. जमाराशि उत्पाद 2. ऋण उत्पाद 3. बेकिंग सेवाएं
9	स्थान की कुल संख्या जहां कंपनी द्वारा व्यापार गतिविधियाँ की जाती है	शून्य
	(क) अंतर्राष्ट्रीय स्थान की संख्या (प्रमुख 5 के विवरण उपलब्ध कराएं)	
	(ख) राष्ट्रीय स्थान की संख्या	2136
10	कंपनी द्वारा सेवा प्राप्त बाजार - स्थानीय/राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय	राष्ट्रीय

खंड ख : कंपनी का वित्तीय विवरण

1	प्रदत्त पूंजी (`)	`1304.15 करोड़
2	कुल कारोबार (`)	` 2,75,965करोड़ (कुल कारोबार)
3	कर के बाद कुल लाभ (`)	`727 करोड़
